www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

नई दिल्ली, गुरुवार, 8 मई, 2025 वर्ष-18
अंक-32 पृष्ठ-10
मूल्य - 3.00 रुपए




**100 से ज्यादा आतंकी मारे गए**

**हमले के 15 दिन बाद कार्रवाई**

# भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने



**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो चलाया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी मौजूद थे। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई, उनके सिर में गोली मारी गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आए थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए।

पहलगाम में 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और इसकी प्लानिंग करने वालों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था। पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है।

### पीएम मोदी ने सेना की तारीफ की

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।




## अपने सैन्य बलों पर गर्व है : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए आज कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा 'हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद।' पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी करवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

## पाकिस्तान का 3 राफेल, 2 मिग गिराने का दावा झूठा

भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और चीन ने सोशल मीडिया पर झूठ फैलाना शुरू कर दिया है। अब एक-एक करके ये सभी झूठ पकड़े जा रहे है। पाकिस्तान ने कहा कि उसने भारत के 3 राफेल और 2 मिग विमान को मार गिराया है। ये दावा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थित यूजर्स ने सालों पुरानी फोटोज के जरिए किया है। वहीं चीनी मीडिया प्लेटफॉर्म ग्लोबल टाइम्स ने भी वायरल फर्जी वीडियो के जरिए भारत के विमान गिराए जाने की खबर पब्लिश की। इस पर चीन में भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को फटकार लगाई।

शहबाज ने युद्ध की कार्रवाई बताया


## भारत को 'जवाब देने की बात कही



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवादी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को 'युद्ध की कार्रवाई 'बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, 'पाकिस्तान को भारत के इस 'एक्ट ऑफ वार' का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।'

## मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए

*__नई दिल्ली।__ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं। आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं ।*



हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर और सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकवादियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से यह कार्रवाई सिर्फ उनके शिविरों और बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी। मैं एक बार फिर हमारे सशस्त्र बलों की वीरता के आगे नतमस्तक हूं : **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**



पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है: **विक्रम मिस्त्री, विदेश सचिव**

## एलओसी पर पाक गोलाबारी से 15 की मौत

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। आप्रेशन सिंदूर के बाद उपजे हालात के मद्देनजर प्रदेश के सभी हवाई अड्डों को 10 मई की सुबह तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। एतिहात के तौर पर गुलमर्ग गंडोला और स्कूल कालेज भी बंद कर दिए गए हैं। हज जाने वाली फ्लाइटें



भी रोक दी गई हैं। जबकि पाकिस्तान से सटी एलओसी पर पाक सेना द्वारा आप्रेशन सिंदूर के जवाब में की जाने वाली भयानक गोलाबारी में समाचार भिजवाए जाने तक 15 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी थी और 100 से अधिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जम्मू कश्मीर हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी डा शुजात अहमद कुरैशी ने पुष्टि की कि श्रीनगर हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण आज के लिए निर्धारित हज उड़ान को रद्द कर दिया गया है। 10 मई की सुबह तक प्रदेश के सभी हवाई अड्डे नागरिक उड़ानों के लिए बंद किए जा चुके हैं।


**प्रदेश के हवाई अड्डे 10 मई तक रहेंगें बंद**

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हाई अलर्ट पर दिल्ली

### गृह मंत्रालय की दिल्ली समेत सभी राज्यों में सुरक्षा बंदोबस्त की स्थिति पर नजर

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने बुधवार रात पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर बड़ी कार्रवाई की। एक ओर भारतीय सेना की इस कार्रवाई से देश में उत्साह की लहर है। दूसरी ओर सुरक्षा के मद्देनजर इस हमले के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। गृह मंत्रालय दिल्ली समेत सभी राज्यों में सुरक्षा



■ **चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात**

बंदोबस्त की स्थिति पर नजर रख रहा है। भारत की इस कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान में भी जवाबी कार्रवाई की तैयारियों को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसके तहत दिल्ली में चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पैरामिलिट्री तैनात की गई है। दिल्ली में सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एयरपोर्ट, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त तैनाती कर दी गई है। सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है ताकि अफवाहों या भड़काऊ सामग्री को रोका जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि राजधानी पहले से ही हाई अलर्ट पर थी। बुधवार शाम चार बजे विभिन्न एजेंसियों द्वारा 'मॉक ड्रिल' भी की गई है ।

**बैठक** *मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया निर्णय*

## पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, 7 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,828.79 करोड़ रुपए की लागत से आंध्र प्रदेश (तिरुपति), छत्तीसगढ़ (भिलाई), जम्मू कश्मीर (जम्मू), कर्नाटक (धारवाड़) और केरल (पलक्कड़) में स्थापित पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। पांच नए आईआईटी- आईआईटी तिरुपति, आईआईटी पलक्कड़, आईआईटी भिलाई, आईआईटी जम्मू और आईआईटी धारवाड़ की शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता का विस्तार किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में पूरी होगी और इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपए है।




■ **11,828.79 करोड़ रुपए आएगी लागत**

**130 प्रोफेसर के पदों का होगा सृजन**

मंत्रिमंडल ने इनमें 130 प्रोफेसर और उससे ऊपर के पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। अगले चार वर्षों में इन आईआईटी में छात्र संख्या में 6500 से अधिक की वृद्धि की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय योजना को भी स्वीकृति दी गई।

### बिजली क्षेत्र में कोयला आवंटन के लिए नई नीति

मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने केंद्रीय क्षेत्र/राज्य क्षेत्र/स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के ताप विद्युत संयंत्रों को नए कोयला लिंकेज देने के उद्देश्य से भारत में कोयला का पारदर्शी तरीके से दोहन और आवंटन करने की योजना (संशोधित शक्ति) नीति को भी मंजूरी दे दी। संशोधित शक्ति नीति के तहत दो विंडो प्रस्तावित की गई हैं जिसमें केंद्रीय बिजली उत्पादन कंपनियों/राज्यों को अधिसूचित मूल्य पर कोयला लिंकेज विंडो-एक तथा सभी बिजली उत्पादन कंपनियों को अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम पर कोयला लिंकेज: विंडो-दो शामिल है।

# देश

उवाच




"ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता तब तक ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। देश को भारतीय सैनिकों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है।

–अजित पवार, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 25.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# देश एकजुट, आतंकवाद का हो पूरा सफाया : कांग्रेस

## भारतीय सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर को विपक्ष ने किया स्वागत



"हमें पीओके वापस लेना चाहिए था हमारे पास यह सुनहरा अवसर था पीओके पर हमला करते और उसे वापस लेते : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर पहलगाम में हुए आंतकी हमले का बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम चाहते थे कि पाक आर्मी चीफ को भी जंजीरों में जकड़कर दिल्ली लाया जाता।

**एक भारतीय नागरिक के तौर पर हम अपने सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कारखानों के खिलाफ हमले हमें गौरवान्वित करते हैं : रेवंत रेड्डी**



बुधवार को कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने भारतीय सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश एकजुट है और आतंकवाद का पूरा सफाया हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें पीओके वापस लेना चाहिए था। हमारे पास यह सुनहरा अवसर था। पीओके पर हमला करते और उसे वापस लेते। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा विपक्ष भारत सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहा। लेकिन हमें उम्मीद थी कि पीओके पर हमला कर हम उसे वापस लेते। हमें इस पर काम करना चाहिए था।

**हम चाहते थे कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ को भी जंजीरों में बांधकर दिल्ली लाया जाए**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम चाहते थे कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ को भी जंजीरों में बांधकर दिल्ली लाया जाए, जो कई रिपोर्टों के अनुसार पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। उसे सजा मिलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। हालांकि, कांग्रेस नेता ने तनाव बढ़ने की चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे

**मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं, पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए : असदुद्दीन ओवैसी**



नहीं लगता कि यह ऑपरेशन युद्ध में बदल जाएगा। यह पहले की सर्जिकल स्ट्राइक के पैमाने और प्रकृति के समान ही दिखता है। मुझे ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि यह बड़े संघर्ष में बदलकर युद्ध में तब्दील हो जाएगा। बता दें कि रक्षा मंत्रालय की ओर से भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और थल सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने 2 मिनट की क्लिप दिखाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी बताई।

**सैन्य कार्रवाई पर देश को गर्व**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने कहा कि सैन्य कार्रवाई पर देश को गर्व है। हमारे नेता राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ किसी भी लड़ाई में हम सेना और सरकार के साथ हैं और आज भी हम ऑपरेशन सिंदूर में सेना के साथ हैं।

**मैं सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। यह आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक हमला है, जो एक स्पष्ट संदेश देता है कि हमारे देश के लिए खतरे कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : नवीन पटनायक**



आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। पूर्व में इस लड़ाई में हमारे दो बड़े नेताओं को शहीद होना पड़ा था। कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ खड़े होकर एकता और अखंडता की रक्षा की है। तृणमूल कांग्रेस और बंगाल प्रदेश भाजपा ने बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, जय हिंद! जय भारत! उनके संदेश में स्पष्ट रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का समर्थन नहीं किया गया है, लेकिन इसे भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर किए गए ऑपरेशन के समर्थन के रूप में समझा गया। यह पोस्ट बनर्जी के पहले के रुख से मेल खाती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में केंद्र का समर्थन करेगी।

# देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित होगी : मनोज सिन्हा

### ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के दिए निर्देश

**श्रीनगर,** 7 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने बुधवार को उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मैं स्थिति पर करीब से नजर रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी



को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। जय हिंद। वहीं बताया गया किया अधिकारियों ने बांदीपोरा के सीमावर्ती जिलों कुपवाड़ा, बारामूला और गुरेज घाटी में स्कूलों को भी बंद कर दिया। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के अंदर कई जगहों पर आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित की जाती है।

## श्रीनगर हवाई अड्डा नागरिक उड़ानों के लिए बंद

**श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण श्रीनगर और उत्तर भारत के कई अन्य हिस्सों में हवाई यात्रा बुधवार को बंद कर दी गई है। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि हवाई क्षेत्र बंद है और बुधवार को श्रीनगर हवाई अड्डे से कोई भी नागरिक उड़ान संचालित नहीं होगी। स्पाइसजेट ने कहा कि मौजूदा स्थिति के कारण, धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हवाई अड्डे अगले सूचना तक बंद हैं। स्पाइसजेट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रस्थान, आगमन और परिणामी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाएं।

## पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है, अब बर्बाद हो जाएगा : अवधेश प्रसाद



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। विभिन्न विपक्षी पार्टियां सेना की पीठ थपथपा रही हैं और इसे पाकिस्तान के खिलाफ उठाया ठोस कदम करार दे रही हैं। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है। वहीं शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि देश के नागरिकों को विश्वास था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेना को खुली छूट देने के बाद सेना पाक में पल रहे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब जरूर देगी। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है। हमारी फौज के सामने पाकिस्तान की सेना कुछ नहीं है। हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि हम केंद्र सरकार के साथ हैं। पाक की कोई हैसियत नहीं है। वो देश बर्बाद हो जाएगा। उसको गलतफहमी है। यकीन मानिए उसने बर्बादी को न्योता दिया है। वहीं, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश को विश्वास था कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी। उनकी शरण में रह रहे आतंकवादियों और हैंडलर्स को जरूर सबक सिखाएगी। वो चाहे जैश-ए-मोहम्मद हो, लश्कर-ए-तैयबा हो या टीआरएफ हो या तो विश्व का सबसे बड़ा आतंकवादी संस्था पाकिस्तान हो। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के लिए सबसे पहले मैं सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। हमें विश्वास था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना पहलगाम हमले के बाद उचित जवाब देगी। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक से लिया है।

### सार संक्षेप

#### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व : नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

#### इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी झूठी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सहार एयरपोर्ट हॉटलाइन पर बुधवार को एक बम की धमकी मिली थी, जिसमें दावा किया गया था कि इंडिगो की फ्लाइट को उड़ा दिया जाएगा। आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया कि यह एक झूठी खबर थी। यह फ्लाइट चंडीगढ़ से मुंबई आ रही थी और देर रात लैंड हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने लैंडिंग के तुरंत बाद विमान को अलग कर दिया और गहन जांच की। सौभाग्य से विमान में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला और कथित तौर पर कड़ी जांच के बाद धमकी को झूठी खबर घोषित कर दिया गया।

#### मेघालय में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय के साउथ वेस्ट गारो हिल्स जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत में घुसने की कोशिश कर रहे चार बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

#### द्रमुक सरकार ने पांचवें वर्ष में प्रवेश किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने अपनी चार साल की उपलब्धियों पर भरोसा करते हुए पार्टी के द्रविड़ मॉडल शासन ने बुधवार को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश किया तथा विपक्ष द्वारा दावा किए गए तथाकथित सत्ता विरोधी कारक पर काबू पाने और अगले साल के विधानसभा चुनावों में सातवीं बार सरकार बनाने का विश्वास जताया।

## भारत ने कभी भी नहीं किया आतंकवाद बर्दाश्त : मुकेश सहनी

**पटना,** 7 मई अप्रैल (देशबन्धु)। विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि भारत पूरे विश्व को शांति का संदेश देता आया है लेकिन हमने कभी भी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया। जिसने भी हमारी संप्रभुता को ललकारा है, हमने उसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि हमारी पूरी पार्टी भारतीय सेना की साहसिक कार्रवाई के समर्थन में खड़ी है। पहलगाम घटना के बाद पूरा देश शोक में था। पहलगाम की घटना के बाद हमारी पार्टी किसी भी सैन्य कार्रवाई के निर्णय में केंद्र सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया है। यह आतंकवाद के विरुद्ध एक्शन है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के जांबाज सैनिकों ने एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। हमारी वायु सेना, थल सेना और जल सेना ने मिलकर पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया।

# बिहार के सरकारी तालाबों को मिलेगी विशिष्ट पहचान

## मंत्री संजय सरावगी ने गजेटियर-कम-एटलस ऑफ वॉटर बॉडीज ऑफ बिहार' पुस्तक का किया विमोचन

**पटना,** 7 मई अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार के सरकारी तालाबों को विशिष्ट पहचान (यूआईडी) मिलेगी। 'बिहार गजेटियर्स' जलनिकायों के संरक्षण की दिशा में मददगार साबित होगी और यूआईडी से संबंधित काम करने में विशेष भूमिका निभाएगी। यह बातें राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने 'गजेटियर-कम-एटलस ऑफ वॉटर बॉडीज ऑफ बिहार' पुस्तक के विमोचन के दौरान कही। इस पुस्तक का लोकार्पण विभागीय मंत्री ने पटना स्थित मुख्य सचिवालय के अधिवेशन भवन में किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल स्रोतों की सुरक्षा और प्रबंधन को बल



मिलेगा बल्कि अतिक्रमित जलनिकायों की पहचान कर उन्हें पुन: संरक्षित करने में स्थानीय प्रशासन को मदद मिलेगी। साथ ही राज्य की नदियां, आर्द्रभूमि, तालाब जैसे जलनिकायों की जानकारी मानचित्रों के माध्यम से मिलेगी। पुस्तक विमोचन के अवसर पर मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि जल-जीवन और हरियाली को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जो सोच है, उसी के अनुरूप इस पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। दरभंगा तालाबों का शहर है लेकिन जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वहां जाकर यह महसूस किया कि यहां पानी की भीषण समस्या है तो शेष बिहार का क्या होगा। इसके बाद ही मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली मिशन की शुरुआत की थी। इससे प्रेरणा लेकर ही आज इस पुस्तक का विमोचन हुआ है। इस एटलस में नदियों से संबंधित आंकड़े जल संसाधन विभाग, आर्द्रभूमियों की जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, तालाबों की जानकारी जल-जीवन-हरियाली मिशन और ग्रामीण विभाग से प्राप्त किया गया है।

**हिन्दी संस्करण भी जल्द होगा प्रकाशित**

संजय सरावगी ने ये भी कहा कि इस एटलस का जल्द ही हिन्दी संस्करण भी प्रकाशित किया जाएगा। आज अंग्रेजी संस्करण की पुस्तक का विमोचन किया गया है। साथ ही राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग 54 वर्षों के बाद पटना जिले का गजेटियर एवं 60 सालों के उपरांत दरभंगा जिला गजेटियर का प्रकाशन भी जल्द करेगा।

## सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व कुरुक्षेत्र में होगा 'नवीन अवसर' किसान समागम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र** 7 मई (एजेंसियां)। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर 'नवीन अवसर किसान कॉन्क्लेव' का आयोजन 9 से 11 मई तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन और IRMA ISEED के संयुक्त सौजन्य से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों और युवाओं की भारी भागीदारी की उम्मीद है। यह विशेष आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और बाजार से जुड़ने के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत किसानों को जैविक खेती, नई उपकरणों की जानकारी, कृषि-आधारित स्टार्टअप, और ग्रामीण उद्यमिता से संबंधित विषयों पर गहन मार्गदर्शन मिलेगा। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, 'नवीन अवसर एक ऐसा मंच है जो हमारे अन्नदाताओं को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक कृषि के नए आयामों से





जोड़ने का काम करेगा। हमारा लक्ष्य है कि किसानों की आय बढ़े, गांवों में रोजगार के नए अवसर बनें और ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर बन सके।' सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने कहा, 'यह एक सकारात्मक और अनोखी पहल है, जो किसानों को भविष्य की खेती से जोड़ने का कार्य करेगी। सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य है कि किसान नई तकनीकों से लैस हों और उन्हें सरकार की योजनाओं से सही जानकारी और लाभ मिल सके।'

## मध्य प्रदेश में पांच जिलों में हुआ मॉक ड्रिल

**भोपाल,** 7 मई (एजेंसियां)। देश के मौजूदा हालातों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप बुधवार को देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत मध्यप्रदेश के पांच जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। देर शाम अंधेरे में एयर रेड और ब्लैक ऑउट का अभ्यास करने के साथ ही नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षित निकालने का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां राज्य मंत्रालय स्थित अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त विशेष नियंत्रण कक्ष से पांचों जिलों की मॉक ड्रिल का अवलोकन किया और संबंधित जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। इसमें प्रशासनिक अमले के साथ ही स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

## वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश बताया

**नई दिल्ली** 7 मई (एजेंसियां)। वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना की त्वरित और सटीक प्रतिक्रिया की सराहना की है और इसे देश की सुरक्षा और मूल्यों को बनाए रखने वाला बताया है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (PoK) में स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है, जो लश्कर-ए-तैयबा (LeT) आतंकवादियों द्वारा पाहलगाम में 26 नागरिकों की बेरहमी से हत्या की जवाबी कार्यवाही है। राकेश कुमार ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है, जिन्होंने सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़ा होकर इस निर्णायक और संयमित प्रतिक्रिया को संभव बनाया। राकेश कुमार ने कहा, 'यह ऑपरेशन भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है, जो आतंकवाद के कृत्यों का जवाब फोकस और न्याय



के साथ देता है। यह मिशन एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत अपने लोगों के खिलाफ हिंसा को सहन नहीं करेगा, और इसका जवाब मापदंड, न्यायपूर्ण और प्रभावी होगा।' वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर हनुमान जी के अशोक वाटिका में लिए गए दृष्टिकोण से प्रेरित था, जहां केवल उन ढांचों को नष्ट किया गया था जो निर्दोषों को नुकसान पहुंचाने के लिए उपयोग किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर ने इसी सिद्धांत का पालन करते हुए केवल उन लोगों को निशाना बनाया जो हमले के जिम्मेदार थे।'

तनाव | *जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती गांवों में दहशत का माहौल*

# तनाव के बीच सीमावर्ती गांवों के लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर ली शरण

**श्रीनगर, 7 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार रात से पाकिस्तान की ओर से हो रही गोलाबारी के कारण स्थानीय लोगों में दहशत फैल गइ है और सीमावर्ती गांवों के कई निवासी अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। गोलीबारी देर रात शुरू हुई तथा भारत द्वारा।**

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने के बाद तक जारी रही। पुंछ सेक्टर पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी में कई घायल हो गए। वर्ष 2021 के संघर्ष विराम समझौते के बाद से सीमा पार से सबसे भारी गोलाबारी की घटनाओं में से एक के कारण बारामूला और कुपवाड़ा जिलों के सीमावर्ती गांवों के कई निवासी अपने घरों से निकल कर सुरक्षित स्थानों पर



■ **कुपवाड़ा में भारी गोलाबारी ने करनाह में कई घरों को नुकसान पहुंचाया**

चले गए या भूमिगत बंकरों में शरण ले ली। बारामूला के उरी सेक्टर के निवासी रफीक अहमद ने कहा कि जैसे ही हमने भारी धमाके सुने, मैंने अपने परिवार को एक भूमिगत बंकर में स्थानांतरित कर दिया। वर्ष 2021 के संघर्ष विराम के बाद से, यह हमारी सबसे खराब रात थी। प्रदेश के उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी में पांच नागरिक घायल बताए गए हैं। कुपवाड़ा में भारी गोलाबारी ने करनाह में कई घरों को नुकसान पहुंचाया। तंगधार के एक निवासी ने बताया कि गोले गिरने से चार घरों में आग लग गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से तनाव बना हुआ है और जम्मू-कश्मीर में 744 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा के निकटवर्ती अधिकांश इलाकों में बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन की रिपोर्ट आ रही हैं।

बांदीपुरा में गुरेज सेक्टर में काफी हद तक शांति रही, लेकिन इलाके में डर का माहौल पहले से ही बना हुआ है। गुरेज के एक निवासी ने फोन पर कहा कि फिलहाल शांति है, लेकिन हमें डर है। कई परिवार बांदीपुरा चले गए हैं। बारामूला में सीमावर्ती गांवों से कुछ परिवारों को शहरी इलाके में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सीमा पर तनाव के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने जमीनी हालात का जायजा लिया। उपराज्यपाल ने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीमा पर तनाव के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जमीनी हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि संभागीय आयुक्तों और डीसी को मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। नागरिकों की जान बचाने और सभी स्तरों पर समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

उल्टा पुल्टा

लड़का : मां दिवाली आनेवाली है, इस बार पटाखे इस दुकान से लूंगा...।
मां : बेटा, यह पटाखों की दुकान नहीं...लड़कियों के लिए होस्टल है...।
लड़का : मुझे क्या पता...पापा कह रहे थे कि यहां एक से एक घांसू पटाखे है...।

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा

# हमारी सेनाओं ने बखूबी ले लिया पहलगाम हमले का बदला

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत की तीनों सेनाएं बहुत मजबूत है और जो भी देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को देश में प्रायोजित करेगा उसका माकूल जवाब देने के लिए भारतीय सेनाएं पूरी तरह से सक्षम हैं। यह कहना है कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का। बुधवार को एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे देश के 26 निहत्थे लोगों को निशाना बनाया था। उनकी शहादत का बदला हमारी सेनाओं ने कल ऑपरेशन सिंदूर के तहत बखूबी ले लिया। हमें अपनी सेना पर गर्व हैं क्योंकि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी जाबांज महिलाएं भी भारतीय सेना में मौजूद हैं। जो इस संकट के समय पुरुष सैनिकों के साथ कंधे से

**22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निहत्थे लोगों को बनाया था निशाना**



भारतीय सेनाओं ने समय-समय पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए दुश्मनों की कायराना हरकतों का मुहतोड़ जवाब दिया है : देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

कंधा मिलाकर देश की रक्षा के लिए तैयार खड़ीं है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को ही देश के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दिखाते कहा था कि हम देश के साथ है और देश जो भी जवाबी कार्यवाही करेगा, उसको हमारा पूर्ण समर्थन रहेगा। यादव ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने समय समय पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए दुश्मनों की कायराना हरकतों का मुहतोड़ जवाब दिया है। हम सेना और उसके प्रत्येक जवान के जज्बे को सलाम करते हैं और हमें पूरा विश्वास है कि यदि भविष्य में कभी कोई आतंकवादी देश की तरफ आंख उठाकर देखने की कोशिश भी करेगा तो उसका इसी प्रकार पटलवार जवाब दिया जाएगा।

## भारतीय सेना व वीर जवानों पर गर्व : केजरीवाल



'आप' ने भारतीय सेना को दी बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने(आप) 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई देते हुए बुधवार को कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में सेना ने वीरता का परिचय दिया और पाकिस्तान में चल रहे कई आतंकवादी ठिकाने को तबाह कर दिया। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज तथा दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत कई नेताओं ने भारतीय सेना और वीर जवानों को बधाई देते हुए उनके पराक्रम को नमन किया है।

श्री केजरीवाल ने 'एक्स' पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है। आतंकवाद के खिलाफ़ इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास है। हम सब साथ हैं। आतंकवाद के खिलाफ़ एकजुट हैं। सिसोदिया ने कहा कि भारतीय सेना और हमारे वीर जवानों ने एक बार फिर हमें गर्व से भर दिया है। ये सिर्फ आतंकवादी हमले का जवाब नहीं है, बल्कि हर एक भारतीय के सम्मान की रक्षा भी है। हमारी सेना के साहस और वीरता को सलाम है। आज गर्व के साथ पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। जय हिंद, जय भारत।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सचदेवा ने सेना, सरकार व मोदी को दी बधाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हमले के लिए भारतीय सेना, भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है तथा कहा है कि यह हमारे सैन्य बलों के पराक्रम की पराकाष्ठा है कि इतने बड़े अभियान के दौरान सभी पूर्व निर्धारित आतंकी ठिकानों को तो नष्ट कर डाला, लेकिन किसी सामान्य नागरिक को क्षति न पहुंचे, इसका भी ख्याल रखा।

श्री सचदेवा ने कहा कि गत लगभग दो सप्ताह से 140 करोड़ भारतीय आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान पर जिस सैन्य कार्रवाई का बेताबी से इंतजार कर रहे थे, वह भारत के जाबांजों ने श्री मोदी के सफल नेतृत्व में आज पूर्ण की है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तक जा कर आज जिस तरह आतंक पर एक निर्णयक प्रहार किया गया है, उसने 2016 एवं 2019 के हमलों की याद ताज़ा कर दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ता भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करते हैं और सैनिकों को आश्वस्त करते हैं कि पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

## सार संक्षेप

### वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए भारत के हमले के बाद ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। इसके साथ ही उन्होंने देश में उत्पन्न आपात स्थिति को देखते हुए वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील। कपून ने कहा कि देश में अचानक उत्पन्न हुए युद्ध जैसे हालात और राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हम समस्त परिवहन चालकों, वाहन मालिकों एवं ऑपरेटरों से अपील करते हैं कि वे सड़क पर अत्यधिक सावधानी बरतें और प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने कहा कि हम सरकार से भी अनुरोध करते हैं कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले ट्रांसपोर्टरों और चालकों को प्राथमिकता दी जाए एवं उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। हम सभी को मिलकर देशहित में सहयोग करना है और संयम बनाए रखना है। हर चालक देश की रीढ़ है–आपकी सावधानी, देश की सुरक्षा है।

### आरएमएल अस्पताल में मॉक ड्रिल का सफल संचालन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में बुधवार को बम विस्फोट की स्थिति होने पर मॉक ड्रिल का सफल संचालन किया गया। आपात चिकित्सा विभाग के के प्रमुख डॉ प्रोफेसर अमलेंदू यादव ने बताया कि मॉल ड्रिल में सभी विभागों के अलावा जांच सुविधाओं जैसी ईसीजी, इको, कार्डियो, ईएनटी आदि विभागों की भी साझेदारी रही।ऐसी स्थिति में लोगों को गहन परीक्षण की जरूरत होती है। सभी विभागों ने बेहतर सामंजस्य के साथ स्थिति को संभाला, मॉक ड्रिल के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई।

### आयुर्वेद की दो प्राचीन पांडुलिपियों का प्रकाशन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने चिकित्सा विज्ञान की



दो दुर्लभ आयुर्वेदिक पांडुलिपियों द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः और द्रव्यनामाकरनिघण्टुः को प्रकाशित किया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने पारंपरिक चिकित्सा में देश की समृद्ध धरोहर को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दो दुर्लभ और महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक पांडुलिपियों - द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः द्रव्यनामाकरनिघण्टुः का प्रकाशन किया है। इन प्रकाशनों का अनावरण मुंबई में राजा रामदेव आनंदीलाल पोदार केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक प्रोफेसर वैद्य रविनारायण आचार्य उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद चूहे की तरह भाग रहा आतंकवादी मसूद अजहर : सिरसा

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इस एयर स्ट्राइक का नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई के बारे में दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के सफलतापूर्ण संपन्न होने के बाद आतंकवादी मसूद अजहर चूहे की तरह सुरक्षा पाने के लिए इधर से उधर भाग रहा है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आतंकियों को पहले ही चेतावनी दी थी कि घर में घुसकर मारेंगे। भारतीय सेना ने घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान के आतंकियों ने पहलगाम में हमारा धर्म पूछकर मारा था।



पाकिस्तान के आतंकियों ने पहलगाम में हमारा धर्म पूछकर मारा था। लेकिन, हमारी सेना ने धर्म पूछकर नहीं आतंक पूछकर मारा है : मनजिंदर सिंह सिरसा

लेकिन, हमारी सेना ने धर्म पूछकर नहीं आतंक पूछकर मारा है। पाकिस्तान को अब समझ जाना चाहिए कि अगर वह आतंकी का साथ देते हैं तो खाक में मिला दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अगर फिर से नापाक हरकत करने की कोशिश की तो उसे करारा जवाब बार-बार मिलेगा। पुरानी सरकारों की तरह हम गलती नहीं करने वाले हैं। यह पीएम मोदी का भारत है, जो घर में घुसकर मारता है। आज देशभर के लोग पीएम मोदी के साथ मजबूती से खड़े हैं क्योंकि, वह आतंकियों को खत्म करने की बात करते हैं। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि पाकिस्तान ने अगर कोई कदम उठाया तो गुरुद्वारे के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह भारत का हिस्सा बन चुका होगा। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के एक बयान पर उन्होंने कहा कि उन्हें पाकिस्तान जाना चाहिए और वहां से कुछ फोटो खींचकर अपने नेता राहुल गांधी और अन्य नेताओं को भेजना चाहिए।

## देश के 244 शहरों में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल






- हमले से बचने के तरीके सिखाए
- युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई।

गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे।

## अतिक्रमण से त्रस्त दरीबा के लोग पहुंचे मुख्यमंत्री के द्वार

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। चांदनी चौक एवं पुरानी दिल्ली के लगभग सभी बाजार सड़कों पर अतिक्रमण से त्रस्त हैं। लोग लिख लिख कर तक शिकायत कर रहे हैं, अधिकारियों से मिल रहे हैं पर कहीं कोई सुनवाई नही हो रही। इसी के चलते आज दरीबा, चांदनी चौक के श्री महेश चन्द्र शर्मा के साथ एक प्रतिनिधिमंडल दरीबा बाजार में अतिक्रमण की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने उनके निवास पर पहुंचा।



प्रतिनिधिमंडल के अनुसार दरीबा में खाने पीने के सामान की रेहड़ी वालों का आतंक इतना बढ़ गया है कि आंतरिक गलियों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। दरीबा जौहरी बाजार है और रेहडियों के चलते सारा दिन ट्रैफिक जाम रहता है सुरक्षा को खतरा है। महेश चन्द्र शर्मा के अनुसार कूंचा लटटू शाह या कटरा मशरू सबके बाहर रेहड़ी लगी हैं और आप स्कूटर पर तो क्या पैदल भी बाहर नही निकल सकते। दिल्ली नगर निगम शहरी क्षेत्र की उपायुक्त वंदना राव को अनेक शिकायते दीं पर उनके कान पर जूं नही रेंगती जिससे परेशान लोग आज मुख्य मंत्री की अदालत तक पहुंचे हैं।

## रोहिणी में हुई आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान की शुरुआत

### वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा से सशक्त बनाने की पहल

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष और रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने बुधवार को रोहिणी क्षेत्र में आयोजित आयुष्मान भारत शिविर का दौरा किया और लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। यह शिविर रोहिणी के सेक्टर 9 और 13 में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आयुष्मान कार्ड के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और उपयोग के बारे में जागरूक करना था। शिविर में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी गई ताकि उन्हें समय पर और सुलभ इलाज मिल सके। इस मौके पर गुप्ता ने घोषणा की कि अब



रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में ऐसे आयुष्मान शिविर रोजाना लगाए जाएंगे, जिससे निरंतर और बिना किसी सीमा के आयुष्मान कार्ड जारी किए जा सकें। गुप्ता ने यह भी बताया कि अब रोहिणी के बुजुर्ग नागरिक आयुष्मान भारत के आधिकारिक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। कार्ड जारी होने के तुरंत बाद यह सक्रिय हो जाता है।

## श्रीराजमाता मंदिर में सामूहिक विवाह संपन्न

### नवदंपतियों को उपहार स्वरूप दिया गया पलंग, अलमारी, कपड़े, बर्तन व दैनिक उपयोग का सामान

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। एक अभावग्रस्त परिवार की कन्या का विवाह करने से शतचंडी यज्ञ का फल मिल जाता है यह संदेश दिया स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने गोरख पार्क शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में सामूहिक विवाह महोत्सव में सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर आए हुए लोगों को सद्‌गुरु राजदरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को बेटी बसाओ' के रूप में आगे बढ़ाते हुए लगातार अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का विवाह किए जाते रहते हैं।

इसी कड़ी में पांच अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का सनातन संस्कृति द्वारा वैदिक मंत्रोचारण द्वारा विवाह संपन्न किया गया। जिसने एक विधुर एवं तलाकशुदा जोड़े को फिर से नए सिरे से जीवनयापन का आशीर्वाद दिया गया।



दिल्ली के अलावा एक जोड़ा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से आया। मंदिर की महिला सेवादारों ने मंदिर के मुख्य द्वार पर दुल्हों के मस्तक पर तिलक लगाते हुए आरती उतारकर स्वागत किया गया। गणमान्य लोगों की उपस्थिति के साथ करतल ध्वनि के बीच सभी वर वधुओं ने एक दूसरे को जयमाला पहनाकर स्वीकार किया। विद्वान पंडित श्री राम शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ फेरे,सप्तपदी संपन्न कराई गई। नवदंपतियों को विदाई के समय उपहार स्वरूप पलंग, अलमारी, कपड़े, बर्तन एवम दैनिक उपयोग का घरेलू सामान दिया गया।

## पीओके के मंदिरों में पुनः सुनाई देगा हर-हर महादेव का जयघोष : कपिल



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले को लेकर बीजेपी नेता और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इसे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम बताते हुए कहा कि 1400 साल के आतंक का सर्वनाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होगा। कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पीओके के मंदिरों के खंडहरों में पुनः हर हर महादेव का जयघोष सुनाई देगा। युद्ध काल में सबको सैनिक बनना होगा। डॉक्टर, नर्स, पुलिस, निगम कर्मचारी और सामान्य नागरिक, सभी को योद्धा की तरह कर्तव्यों का पालन करना होगा। भव्य विजय की तैयारी करें। कपिल मिश्रा ने एक अन्य पोस्ट में पाकिस्तान के मदरसों में रात को हुए ऐलान का जिक्र करते हुए तंज कसा। उन्होंने लिखा

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम, गर्मी से मिली राहत

### दिल्ली का न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में खिली धूप के बीच अचानक मौसम बदल गया। बुधवार शाम को एनसीआर के कई इलाकों में हल्की हवा के साथ बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में मौसम अभी सुहाना बना रहेगा।


पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुधवार को धूल भरी आंधी और हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान तापमान भी 36 डिग्री के आसपास बना रहेगा। उधर, दिल्ली की हवा की गुणवत्ता अभी भी मध्यम श्रेणी में है। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।



दिन में आसमान में बादल छाए रहेंगे। धूप भी निकलेगी लेकिन 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली चमकने के भी आसार हैं। बुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 131 दर्ज किया गया। इसे मध्यम श्रेणी में रखा गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना बधाई की पात्र : दीक्षित

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत ने पहलगाम हमले का बदला पाकिस्तान और पीओके में 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक से लिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई स्वागत योग्य है। इसके लिए उन्होंने भारतीय सेना को बधाई दी।



संदीप दीक्षित ने कहा कि खबरों के मुताबिक भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय को तबाह कर दिया है। इसके लिए मैं सेना को बहुत बधाई देता हूं। इससे पहले संदीप दीक्षित ने एक्स पोस्ट में लिखा, अभी सुबह-सुबह खबर मिली कि हमारी वायु सेना, थल सेना और जल सेना ने मिलकर पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया, जहां-जहां से आतंक जन्म लेता था और पनपता था, उस कोख को ही बर्बाद किया है।

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की ड्रोन और एरियल सर्वे कराकर वर्तमान में जितना निर्माण हो चुका है उसके फुटेज लिए जाए। इसके बाद यदि यहां अवैध निर्माण बढ़ता है तो संबंधित प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए : **लोकेश एम, सीईओ नोएडा प्राधिकरण।**

## शिकायतों के निस्तारण में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

**नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के 24 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से अप्रैल माह की मूल्यांकन रिपोर्ट बुधवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है।

पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है। जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से वे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्धनगर का अप्रैल माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है।

## सार संक्षेप

### महिला चिकित्सक का खोया बैग तलाशा

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने महिला चिकित्सक के खोए बैक को तलाश कर वापस दिला दिया। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सेक्टर-49 में रहने वाली महिला चिकित्सक का एक बैग ऑटो चालक ने गंतव्य पर छोड़ा। एक अन्य बैग जिसमें मोबाइल, नकदी और कपड़े थे, उसे चालक लेकर फरार हो गया। शिकायत मिलते ही साइबर क्राइम सेल नोएडा को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने कुछ ही मिनट में सीसीटीवी की मदद से ऑटो की पहचान की और चालक तक पहुंच गई। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया और उसके पास से महिला चिकित्सक का बैग भी बरामद किया। बैग में सारा सामान सुरक्षित था। महिला चिकित्सक ने इस सराहनीय पहल के लिए नोएडा पुलिस का आभार प्रकट किया है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने नोएडा पुलिस की सराहना की है।

### पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक बदमाश के लगी गोली

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर 14 नाले के पास जांच कर रही थी। इस दौरान दिल्ली की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटर



साइकिल पर सवार 2 व्यक्ति आते हुए दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। मोटर साइकिल सवार वापस पीछे मोड़कर सेक्टर 14 के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने वार्निंग दी और रुकने के लिए कहा। टीम द्वारा पीछा करने पर बाइक सवार अचानक फिसल गए। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने अपने पास लिए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। इसकी पहचान सूरज निवासी सेक्टर-20 हुई। नीरज कुमार के कब्जे से एक तमंचा .32 बोर व एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

### 2 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट मामले में एक गिरफ्तार

**नोएडा।** डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाते मुहैया कराने वाले आरोपी को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बैंक खातों में ठगी की रकम आई थी। गिरफ्त में आए आरोपी के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि इसी साल 18 मार्च को एक व्यक्ति ने थाने में दी शिकायत में बताया था कि मानव तस्करी करने के नाम पर डराकर कुछ लोगों ने उनको डिजिटल अरेस्ट कर लिया। पुलिस अधिकारी बनकर ठगों ने पीड़ित से पूछताछ की और दो करोड़ 39 लाख 16 हजार 700 रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने भरोसा दिलाया था कि जांच के बाद सारी रकम मूल खातों में वापस कर दी जाएगी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने जांच शुरु कर दी। ठगी की कुछ रकम मथुरा के नोझील निवासी पुष्पेंद्र के खाते में ट्रांसफर हुई है। बुधवार को उसे निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। पुष्पेंद्र के खाते में ठगी के छह लाख 30 हजार 494 रुपए आए थे। जिसे उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बांटा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी का काम करता है एवं अपने गांव व आसपास के भोले भाले लोगों के खाते लेकर उनमें धोखाधड़ी की रकम मंगवाता है।

# नोएडा में युद्ध से बचाव के लिए मॉकड्रिल

## मॉल, मेट्रो, स्कूल, अस्पताल में की गई मॉकड्रिल, बताए गए सुरक्षा के उपाय





**नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर आम जनमानस को हवाई हमले के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों, मेडिकल टीम तथा अन्य विभाग द्वारा जनपद में स्कूलों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, एल जी कंपनी, हेयर कंपनी, गौर सिटी मॉल, मेट्रो स्टेशन बोटैनिकल गार्डन तथा एनटीपीसी दादरी में मॉकड्रिल कराया गया।

इसी क्रम में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) दादरी में हवाई हमले से बचाव के लिए मॉकड्रिल किया गया। जिलाधिकारी ने प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि यह मॉकड्रिल इस उद्देश्य से की गई है कि हमला होने की स्थिति में समस्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे की कोई भी




जनहानि या संसाधन इससे प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालना है।

सुरक्षित रहने का हर संभव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न न होने दें। मॉकड्रिल, टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों से बचाव के उपाय देखें। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से कहा कि हवाई हमले की आशंका को ध्यान में रखते हुए आज यह मॉकड्रिल कराया गया है तथा आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा हवाई हमले से बचाव हेतु जारी की गई गाइडलाइन का अध्ययन करते हुए उसका पालन करें।

### इन स्कूलों में की गई मॉकड्रिल

इसी कड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद के दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा, कोठारी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा, इंडस वैली पब्लिक स्कूल नोएडा, मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा अन्य स्कूलों में भी हवाई हमले से बचाव के लिए मॉकड्रिल करते हुए छात्र-छात्राओं को हवाई हमले के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तार से बताया गया।



### बोटेनिकल गार्डन पर ज्वाइंट मॉकड्रिल

नोएडा के बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर पुलिस को सीआईएसएफ ने ज्वाइंट मॉकड्रिल की गई। इस दौरान मुसाफिरों को बताया गया कि वे घबराए नहीं ये मॉकड्रिल है। यहां एक बैग में बम होने की सूचना दी गई। जिसके बाद सीआईएसएफ ने बैग की जांच की। वहीं लोगों को युद्ध के दौरान किस तरह से बचाव किया जाना चाहिए इसकी जानकारी दी गई।

### बिसरख के गौड़ मॉल में मॉकड्रिल

इससे पहले बिसरख गौड़ मॉल मॉकड्रिल और चेकिंग अभियान चलाया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मॉल में चेकिंग और मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स सहित बीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड) मौजूद रहा। यहां सायरन बजा मॉल में मौजूद लोगों को किया अलर्ट। मॉल की लाइट्स भी की गई ऑफ।

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर खुशी, बांटी मिठाई, दिया समर्थन



**नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। नोएडा में ऑपरेशन सिंदुर को लेकर अलग-अलग संगठनों ने अपनी खुशी जाहिर की। कारोबारियों ने इस एक्शन पर सरकार का पूरा समर्थन दिया। वहीं किसान संगठन ने पटाखे और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इसके अलावा आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने भी कार्रवाई का समर्थन करते हुए लड्डू बांटे।

### किसान संगठन ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी

भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय सेक्टर-52 नोएडा पर भारतीय वायु सेना द्वारा पाकिस्तान में घुस कर कई आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्रों को तबाह करने पर खुशी जाहिर करते हुए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिला कर खुशी जताई। इस मौके पर भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि जिस तरह से जम्मू के पहलगांव में भारतीय नागरिकों की आतंकियों ने निर्मम हत्या की थी, उससे पूरे देश में आक्रोश था। जिस तरह से भारत सरकार ने पाकिस्तान में घुस कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है उससे आतंकियों के हौंसले पूरी तरह टूट गए हैं। और उन्हें समझ आ गया होगा कि भारत देश की तरफ गलत नजरों से देखने का परिणाम बहुत गलत होगा।आज देश में खुशी की लहर है। आज पहलगांव में मारे गए देश वासियों की आत्मा को शांति मिली होगी। भारत ने जिस तरह से जवाबी कार्रवाई की उससे पूरे विश्व को समझ में आ गया होगा कि अब भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा। इस मौके पर सुरेन्द्र वशिष्ठ, रहीसद्दीन, मो.महफूज, रविंदर भाटी, श्यामलाल, राहुल, मोनू, सनी, सुनील, राजू, विपुल आदि लोग मौजूद रहे।

### कारोबारियों ने दिया स्ट्राइक को समर्थन

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले का भारतीय सेना ने मुहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की कार्रवाई की है। जिसे भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया है। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की कार्रवाई का उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा की हरौला में आयोजित बैठक में सरकार को अपना पूर्ण समर्थन दिया और इसके लिए सैन्य अभियान टीम एवं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षा मंत्री का दिल से शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राम अवतार सिंह व चेयरमैन नरेश कुच्छल ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। वह आतंकवादियों को खुला समर्थन देकर भारत में अस्थिरता पैदा कर रहा है। इसलिए आतंकवादियों की बची कुची जमीन को भी अब मिट्टी में मिलाने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि ये नया भारत है, जिसे पाकिस्तान नजरअंदाज करता आ रहा है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित



शाह और रक्षामंत्री के नेतृत्व में मजबूत हुआ है। ये घर में घुसेगा भी और मारेगा भी। इस मौके पर महामंत्री संदीप चौहान ने भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था। अब कर्म भुगतो। हर माथे का सिंदूर मिटने ना देंगे, मिटाया तो उसका जवाब देकर रहेंगे। जय जवान! जय हिंदुस्तान! जय हिंद! इस मौके पर मनोज भाटी, दिनेश महावर, संदीप चौहान, सत्यनारायण गोयल, सुशील सिंघल, अनिल गर्ग, सोहनवीर, सुभाष त्यागी, वीरपाल सिंह, पीयूष वालिया, महेंद्र कटारिया, केशव पंडित, विपिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने जाहिर की खुशी

आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले जिसमें धर्म पूछ कर बेगुनाहों को मार दिया गया था उसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इस घटना को अंजाम देने वाले उन आतंकी और उनके आका को हम मिट्टी में मिला देंगे। इसका बदला लेने के लिए देश की जांबाज सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन संदूर से पाकिस्तान के अंदर मौजूद आतंकवादी ठिकानों को खत्म किया है आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने इस पर खुशी जाहिर की है। पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित ने कहां है कि अभी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी के ठिकानों पर ही हमला किया गया है और बेगुनाहों की हत्या का का बदला लिया गया है। लेकिन जिस तरह से वह बॉर्डर के ग्रामीण क्षेत्रों में हैवी सेलिंग कर रहा है। उसका भी मुंहतोड़ जवाब भारतीय सैनिक दे रहे हैं । अगर उसका यही रवैया रहा तो आने वाले समय में उसको पूर्ण रूप से देश की तीनों सेना पूर्ण रूप से नष्ट कर देंगे। इस अवसर पर मोर्चा ने लड्डू कार्यकर्ताओं में बांटे गए खुशी जाहिर की और कहां आतंकवाद के विरुद्ध लडाई जारी।

# 10 स्कूलों में छात्रों को सिखाए गए आपदा प्रबंधन के उपाय

**गाजियाबाद,** 7 मई (देशबन्धु)। नागरिक सुरक्षा और उत्तर प्रदेश प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गाजियाबाद के 10 स्कूलों में व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा और बचाव के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी दीपक मीना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

चंद्रपुरी स्थित एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सिविल डिफेंस व अन्य विभागों ने मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया।






जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बच्चों को न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं और आवश्यक बचाव उपायों को अपनाकर स्वयं एवं दूसरों की रक्षा कर सकें।

इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं को बताया गया कि हवाई हमले या भूकंप जैसी आपात स्थिति में सबसे पहले ‘हेड डाउन’ पोजिशन अपनानी चाहिए - यानी उल्टा लेटना, कान, नाक, और आंखों को उंगलियों से ढकना, जिससे बाहरी प्रभाव से सुरक्षा मिल सके। इस दौरान सेफ्टी प्रोटोकॉल्स को विस्तार से समझाया गया।

इस मौके पर सिविल डिफेंस के नियंत्रक ललित जायसवाल, अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन के अलावा गुलाम नबी आदि उपस्थित थे।

### हवाई हमले और ब्लैकआउट के दौरान बरतें सावधानियां

अभ्यास के दौरान नागरिकों को बताया गया कि हवाई हमले की स्थिति में किसी भी मेज के नीचे शरण लें, शीशे वाली खिड़कियों, दरवाजों के पास न खड़े हों, और सभी गैस-विद्युत उपकरणों को बंद कर दें। यदि खुले स्थान पर हों, तो सिर को हाथों से ढक लें। ब्लैकआउट की स्थिति में घर की बाहरी लाइटें बंद कर पर्दों से खिड़कियों को ढकें, और लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करें। इनवर्टर एवं जनरेटर को भी बंद रखने की सलाह दी गई।

# राजनीतिज्ञों ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकवाद का माकूल जवाब

**गाजियाबाद,** 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकवाद घटना के बाद भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बदला लेने लेने को राजनीतिक दल के नेताओं ने भारत सरकार की प्रशंसा की है साथ ही देश की सेवा का अभिनंदन भी किया है महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत का पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय नारी शक्ति के बर्बरता पूर्व, माथे का सिन्दूर मिटाने के बदला लेने की ओर एक कदम बढ़ाया है। ऑपरेशन सिन्दूर देकर बेटियों के







जख्मों पर मरहम लगाने का कार्य किया है और भारत ने शिविलियन नहीं आतंकवाद पर हमला किया है। मोदी है तो ये भी मुमकिन है।

रालोद नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा है कि हमारी सरकार ने सेना के प्रमुख ने आपसी तालमेल करके बड़ी सूझबूझ के साथ कल पाकिस्तान के आतंकवाद को रात को जो जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है ऐसा करके जो संदेश दिया है तारीफ के काबिल है अपने देश के सैनिकों की जितनी हिम्मत बढ़ाई जाए जितनी तारीफ करी जाए उतनी कम हमला करके हमारी सरकार ने आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करके एहसास एहसास कर दिया है कि भारत के पास क्या ताकत है और किस हद तक हमारे सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं।

राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव व अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि जब देश में कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर वियोमिका सिंह जैसी हमारी बहनें ही काफी है इन कायर आतंकवादियों के लिए। अरुण चौधरी ने कहा की पहल गांव में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्देश लोगो की शहादत का बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर लिया है भारतीय वायु सेवा के बहादुर लड़कों ने पाकिस्तान और पीओके में घुसकर आतंकवादियों के 9 लॉन्चिंग पैड को ध्वस्त किया है। इस कार्रवाई से देश की जनता का भारत सरकार में विश्वास बढ़ा है।

# एसडीएम की अगुआई में विशेष टीम करेगी डूब क्षेत्र में कार्रवाई

**नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। नोएडा के हिंडन और यमुना नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की जाएगी। इस टीम

- **एरियल मैपिंग कराई जाए, अवैध निर्माण होने पर संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

में प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर, सिंचाई विभाग और पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। ये टीम सर्वे करेगी और अवैध निर्माण को ध्वस्त करेगी। इस टीम का काम डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को रोकना भी है। प्राधिकरण ने बताया कि इसी सप्ताह से यमुना और हिंडन दोनों के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है। बैठक में सीईओ नोएड प्राधिकरण के अलावा डीएम,




एसडीएम, पुलिस और प्राधिकरण सर्किल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि अवैध निर्माण के चलते जब भी दोनों नदियों का पानी बढ़ता है यहां बाढ़ के हालात बन जाते है। जिससे जन हानि होने की संभावना रहती है। ऐसे में यहां अवैध निर्माण को रोका जाए साथ ही जो निर्माण चल रहे है उनको रुकवाया जाए।

ताकि नदियों के प्रवाह को सही रखा जा सके। बता दे इससे पहले नोएडा प्राधिकरण सिंचाई विभाग के साथ मिलकर हिंडन में दो बार अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर चुका है। बैठक में कहा कि जो लोग भी यमुना और हिंडन नदी में फार्म का निर्माण करवा रहे है उनको चिन्हित किया जाए और सख्त कार्रवाई की जाए।

### कराया जाए एरियल सर्वे

बैठक में सीईओ लोकेश एम ने कहा कि यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की ड्रोन और एरियल सर्वे कराकर वर्तमान में जितना निर्माण हो चुका है उसके फुटेज लिए जाए। इसके बाद यदि यहां अवैध निर्माण बढ़ता है तो संबंधित प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यहां बड़े बड़े बोर्ड लगाए जाए ताकि लोगों को जागरुक किया जा सके कि यहां निर्माण और जमीन खरीदना अवैध है।

# प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

- **प्राधिकरण की टीम द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी करा रहे निर्माण कार्य**
- **थाना सेक्टर-113 में अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला**

**नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के गांव सोरखा में नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के अवर अभियंता ने चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता निखिल मित्तल ने पुलिस को बताया कि गांव सोरखा में खसरा संख्या-282 में प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की भूमि है। आरोप लगाया कि भूमि पर संदीप, लाल सिंह और अन्य निवासी गांव सर्फाबाद द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए भूलेख विभाग और वर्क सर्किल स्तर पर कई बार प्रयास किया गया, लेकिन अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा था। अवैध निर्माण करने वाले आरोपी रात के अंधेरे में चोरी-छिपे निर्माण करा रहे हैं। अधिसूचित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगा होने के बावजूद आरोपी अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इसी तरह गांव सोरखा में खसरा संख्या-354 में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर कृपाल, सुरेंद्र और कुछ अन्य लोग अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्राधिकरण की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**उवाच** “

महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह से औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने को कहा है। इसके साथ औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर लग रही वीकली मार्केट के लिए उचित जगह चिंहित करने के निर्देष दिए। औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट कम होने की वजह से अंधेरा रहता है : **सौम्य श्रीवास्तव, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एसीईओ।**

# कैपिटल ज़ोन

## औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और इंडियन एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में परियोजना विभाग को यह निर्देश दिए।




- **आईआईए के साथ बैठक में एसीईओ ने दिया आश्वासन**
- **वीकली मार्केट के लिए उचित जगह तलाशने के निर्देश**

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देष पर प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव उद्योग विभाग की टीम के साथ नियमित तौर पर अलग-अलग उद्यमियों और उनके संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। बुधवार को भी उद्यमियों के साथ एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी नवीन कुमार सिंह और महाप्रबंधक एके सिंह ने बैठक की, जिसमें उद्यमियों ने औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। एसीईओ ने महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह से औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने को कहा है। इसके साथ औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर लग रही वीकली मार्केट के लिए उचित जगह चिंहित करने के निर्देष दिए। औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट कम होने की वजह से अंधेरा रहता है। एसीईओ ने इस समस्या को भी जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने लोकल ट्रांसपोर्ट का भी मुद्दा उठाया, जिस पर एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा के लिए 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी के बारे में जानकारी दी। औद्योगिक सेक्टरों में फैसिलिटी प्लॉट पर क्योस्क और ट्वॉयलेट की सुविधा देने की मांग पर भी जल्द निर्णय लिए जाने की बात कही। इसके अलावा पानी सप्लाई के बिल आने की समस्या का जल्द हल निकालने की बात कही। बैठक में परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, प्रबंधक उद्योग अरविंद मोहन सिंह सहित कई अधिकारीगण व उद्यमी मित्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले बाढ़ से होने वाली हानि के खुद होंगे जिम्मेदार

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। हिंडन नदी और यमुना नदी के तटवर्ती अवैध निर्माण स्थल पर बाढ़ के दौरान जल पहुंच जाता है, जिसकी वजह से आम जन को नुकासान हो जाता है। इसी को लेकर अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड गाजियाबाद ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में खंड के नियंत्रण अधीन हिडन तटवर्ती एवं रिंग बंध के निकट हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में ग्राम छजारसी, चोटपुर, यूसुफपुर, चकशाहबेरी, बहलोलपुर गढ़ीचौखंडी, हैबतपुर, परथला, खंजरपुर, सोरखा जहीदाबाद, ककराला, अलीवर्दीपुर, जलपुरा, हल्द्वानी, कुलेसरा एवं हिंडन यमुना दोआब बंध के निकट ग्राम इलाहाबास, सूथियाना, शहदरा, लखनावली, बेगमपुर, मुबारकपुर, गुर्जरपुर, झट्टा बादोली बांगर, सफीपुर, चुहडपुर एवं मोमनाथल तक हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की परिधि के अंतर्गत आते हैं एवं इसी बंध पर यमुना नदी बायें किनारे पर ग्राम मोतीपुर, तिलवाडा, गढ़ी समस्तीपुर, बादौली खादर, कोंडली खादर, कामबक्शपुर, गुलावली, दोस्तपुर मंगरौली, छपरौली, असदुल्लापुर तथा (हरियाणा साईड) दायें किनारे पर औरंगाबाद, दलेलपुर, याकूतपुर की भूमि डूब क्षेत्र की परिधि में आती है। उन्होंने बताया कि इस खूब क्षेत्र में स्थित भूमि में निर्मित एवं निर्माणाधीन भवन स्कूल, फार्म हाउस, क्रेशर प्लांट, होट मिक्स प्लांट, कंक्रीट रेडी मिक्स प्लांट एवं बदरपुर सैन्ड की धुलाई की होदियां आदि अवैध निर्माण स्थित हैं। बाढ़ के कारण इन अवैध निर्माणों के क्षतिग्रस्त होने से भारी जन-धन की हानि हो सकती है।

यह निर्माण, बस्ती अवैध होने के कारण बाढ़ के समय सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन एवं शासन द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। शासनादेश 2010 एवं एनजीटी नई दिल्ली में आकाश वशिष्ठ एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित आदेश 2013 द्वारा ये निर्माण प्रतिबंधित कर रखे है तथा ये भी निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार के अवैध निर्माण के कारण बाढ़ से होने वाली क्षति की कोई प्रतिपूर्ति शासन द्वारा नहीं की जाएगी तथा बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं कराये जाएंगे। साथ ही अवैध निर्माण से होने वाली क्षति की वसूली अवैध निर्माणकारियों से की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया है कि अवैध निर्माणों को तत्काल हटा लें या तोड दे, अन्य कोई नया निर्माण न करें अन्यथा इन अवैध निर्माणों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्रवाई एवं अप्रत्याशित जन-धन की हानि के लिए आप निर्माणकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे। सिंचाई विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## सेक्टर बीटा-दो में सीवर ओवर फ्लो को ठीक कराने की प्राधिकरण से मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। सेक्टर बीटा वन के सी,डी,ई ब्लॉक में सीवर ओवरफ्लो होने को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ को लिखकर कार्रवाई की मांग की है। एक सामाजिक संगठन का आरोप है कि सेक्टर में सी,डी,ई



ब्लॉक में सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या से सेक्टरवासियों को जूझना पड़ रहा है, जिसकी वजह से गंदी बदबू आ रही है न बच्चे खेल पाते हैं और न ही बाहर खड़े हो पाते हैं। घरों में बच्चे और बड़े बीमार होने लगे हैं, गर्मी पड़ रही है तरह तरह की बिमारियां पनप रही है। गंदगी से मच्छर बहुत ज्यादा पनप रहे है। जबकि सीवर के टेंडर को लगभग एक से डेढ़ वर्ष हो गए है उसके बावजूद भी सीवर विभाग की टीम ना तो सीवर साफ कर रहे हैं और ना ही प्रेशर मशीन के द्वारा कार्य कर रहे हैं। दिखावे के लिए टेंकर से गंदा पानी खिचवा देते हैं। सेक्टर की महिलाओं का कहना है कि सिर्फ टैंकर से पानी खींच दिया जाता है और 1 घंटे बाद समस्या जस की तस बन जाती है अगर यही हाल रहा तो सेक्टर की सभी गलियों में सीवर की गंदगी बहने लग जाएगी। लोगों ने मांग की है कि प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वी.एस. सीवर ओवरफ्लो होने की समस्याओं को दूर कराया जाए। एवं जल्द से जल्द सीवर सफाई का कार्य कराया जाए ताकि ओवरफ्लो होने जैसी समस्याएं ना पनप सके।

## एसआईटी ने खैरपुर में की लीजबैक प्रकरणों की जांच

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों की एसआईटी ने बुधवार को जांच की। एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह के साथ खैरपुर गुर्जर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इससे जुड़े किसानों से मिले। उनके अभिलेख/साक्ष्य प्राप्त किए। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जो किसान बुधवार को एसआईटी के मौका मुआयना के दौरान किसी कारणवश मौजूद नहीं थे और अपना अभिलेख नहीं दे सके हैं। वे अगले बुधवार (14 मई 2025) को सुबह करीब 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में एसआईटी के समक्ष अपना दस्तावेज/साक्ष्य और बयान दे सकते हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने



यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इन प्रकरणों की लीज बैक भी कर रहा है। अवशेष 86 प्रकरणों में एसआईटी की जांच चल रही है। बुधवार को एसआईटी की भ्रमण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, तहसीलदार सचेंद्र बहादुर सिंह सहित लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**दनकौर,** 7 मई (देशबन्धु)। खेरली हाफिजपुर कस्बे में जमीन के विवाद को लेकर करीब 7 दिन पहले दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी शिकायत पर पुलिस ने 6 नामजद समेत 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जिसके आधार पर पुलिस ने इस घटना में शामिल हमला करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसको बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। खेरली हाफिजपुर कस्बा निवासी सतबीर ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि जमीन के विवाद को लेकर उनके ही पड़ोसी रेवसिंह के परिवार के लोगों ने उनके ताऊ और चाचा पर लोहे की रॉड और धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में उनके ताऊ और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अब तक पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं।

## ऑफलाइन हैकथॉन में नौ राज्यों से तीन हजार से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। अभ्युदय क्लब सीएसई एआईएमएल विभाग, जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने अपने कैंपस को नवाचार और ऊर्जा से रोशन कर दिया, जब उसने सुपरनोवा-2025 हैक द वाइड ओन द स्टेयर का आयोजन किया। यह एक 24 घंटे का ऑफलाइन हैकथॉन था। इस आयोजन में देश के 9 विभिन्न राज्यों और 200 शहरों से आए लगभग 3000 से अधिक टीमों के युवा डेवलपर्स और क्रिएटर्स ने भाग लिया। हैकथॉन के पहले दिन का उद्घाटन एक जोशपूर्ण समारोह में हुआ, जिसमें जी.एल. बजाज की निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रीति बजाज ने सीएसई-एआईएमएल विभाग और अभ्युदय क्लब को आयोजन के लिए बधाई दी और छात्रों को नवाचार के पीछे के उद्देश्य की याद दिलाते हुए एक प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आपकी कल्पना



की कोई सीमा नहीं है। पहली बार हैकथॉन में भाग ले रहे छात्रों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपके व्यक्तित्व में एक विशेष गुण जोड़ देगा। कॉलेज कैंपस एक जीवंत कोडिंग एरिना में बदल गया, जहां कीबोर्ड की आवाज, रणनीति मीटिंग्स और मेंटर गाइडेंस का माहौल बना रहा। इस पूरी प्रक्रिया का संचालन डॉ. पी.एस. पांडे, डॉ. एम.एस. नरुका (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव और क्लब की संयोजक अत्तियुत्तमा मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।

इन सभी की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सार्थकता प्रदान की। इस बौद्धिक प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ छात्रों के लिए सतत रिफ्रेशमेंट, नेटवर्किंग अवसर और इंटरैक्टिव सेशंस की भी व्यवस्था की गई। कई घंटों की जुनूनभरी प्रस्तुतियों और गहन चर्चा के बाद, शीर्ष तीन टीमें इस प्रतिभा के महासंगम की सबसे उजली सितारें बनकर उभरीं।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा एक से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थी ड्रिल के दौरान



तत्परता दिखाते हुए अपनी अपनी कक्षा की डेस्क के नीचे छिप गए और अपने हाथों से सर को ढक लिया। इस ड्रिल में समस्त समसारा प्रबंधन विभाग व शिक्षण विभाग भी शामिल हुआ। इससे पूर्व प्रार्थना सभा में समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टन प्रवीन रॉय ने सभी विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने की हिदायतें बताई और जरूरी सामान के बारे में बताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हर स्थिति में सतर्कता बरतने की हिदायत दी। समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टन प्रवीन रॉय ने समय समय पर इस तरह की ड्रिल की आवश्यकता बताई और इनकी महत्ता से अवगत कराया। जिससे सभी किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

## युद्ध की स्थिति में आपात से निपटने के बताए सुरक्षा के उपाय

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। सेंट जोसफ विद्यालय में युद्ध की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत एक बचाव मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विद्यालय परिवार को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने और तत्काल प्रतिक्रिया देने हेतु प्रशिक्षित करना था। मॉकड्रिल में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। विद्यालय की खेलकूद प्रबंधन समिति के निर्देशन में, आपात स्थिति में की जाने वाली सावधानियों, जैसे- सुरक्षित स्थानों की पहचान, शीघ्र निकासी की प्रक्रिया तथा प्राथमिक उपचार के उपायों का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के दौरान सभी प्रतिभागियों ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से निर्धारित मार्गों का पालन करते



हुए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना सीखा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जिपसन पलाटी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल्स हमारी सतर्कता को परखने का माध्यम होते हैं और इनसे आपदा के समय संयम और समझदारी से कार्य करना संभव होता है। विद्यालय प्रशासन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## नागरिक सुरक्षा और मॉकड्रिल कर छात्राओं को किया गया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। सावित्री बाई फूले बालिका इंटर कॉलेज परिसर में नागरिक सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हवाई हमले जैसी स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। ड्रिल के प्रारंभ में सायरन बजाया गया, जिससे यह संकेत मिला कि एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। सायरन सुनते ही



छात्राओं को शांतिपूर्वक एवं अनुशासित ढंग से सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाया गया। उन्हें यह अभ्यास कराया गया कि हवाई हमले की स्थिति में किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। छात्राओं को बताया गया कि ऐसी स्थिति में ब्लैकआउट करना आवश्यक होता है, अत: सभी लाइट, सिलेंडर बंद रखने तथा खिड़की-दरवाजों के पर्दे पूरी तरह से ढक देने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी सलाह दी गई कि हर परिवार को अपने घर में कम से कम 7 दिनों का राशन, पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री, चार्ज किया हुआ मोबाइल, टॉर्च, और आवश्यक दस्तावेज संभालकर रखने चाहिए।

## एनआईयू ने नौ नए ऑनलाइन कोर्स किए शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) ने एक समारोह के दौरान नौ नए ऑनलाइन अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स लॉन्च किए। इस आयोजन में 500 से अधिक छात्र, शिक्षक और विशिष्ट अतिथियों ने हिस्सा लिया। लॉन्च किए गए कोर्सों में 3 बैचलर डिग्री के लिए और 6 मास्टर डिग्री के लिए हैं। अब छात्र घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे और काम के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रख सकेंगे। यह कोर्स विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी हैं जो किसी कारणवश नियमित कॉलेज में दाखिला नहीं ले पाते। इन कोर्सों में स्किल-बेस्ड लर्निंग और आसान फाइनेंसिंग विकल्प भी दिए गए हैं। प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज, कुलपति, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम यह ऑनलाइन कोर्स प्रोग्राम शुरू कर रहे हैं जिससे छात्र, कामकाजी लोग और हर उम्र के लोग पढ़ाई कर सकें। यह पहल युवाओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करेगी और उनके करियर को बेहतर बनाएगी। आयन मजूमदार, डायरेक्टर (ऑप्स एंड बिजनेस डेवेलपमेंट) ने कहा कि इन ऑनलाइन कोर्स का उद्देश्य शिक्षा को हर कोने तक पहुंचाना है। इससे वे छात्र भी पढ़ाई कर सकेंगे जो किसी कारण से नियमित कॉलेज में नहीं जा सके। हमारा मकसद है कहीं भी, कभी भी शिक्षा सबके लिए। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का यह प्रयास डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## आपदा मित्रों को दिया जाएगा 12 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण




जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण के लिए रवाना

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ की तरफ से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के मानक एवं अनिवार्य अहर्ताओं के के तहत 48 जनपदों में दो चरणों में 100-100 स्वयंसेवक/वॉलिंटियर का चयन करते हुए कुल 4800 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा दिया जाना है। जिसके क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर से आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी, पीआरडी मंगल दल आदि के युवक-युवतियां सम्मिलित रहे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा आपदा मित्र परियोजना का संचालन किया गया।

जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 मई से 20 मई तक चलेगा, जिसमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्रों को तैराकी, बचाव के तरीके, फर्स्ट एड, सीपीआर आदि चीज सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने की सर्टिफिकेट एवं आपदा मित्र की आइडेंटिटी कार्ड भी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक वालंटियर को शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पांडर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जाएगी।

आपदा मित्रों की प्रशिक्षण में ठहरने भोजन प्रशिक्षण संबंधी सामग्री आवागमन हेतु वह इत्यादि राज्य आपदा मोचन बाल लखनऊ द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र अपने-अपने गांव और शहरों में किसी आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में आपदा से बचाव का कार्य करेंगे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम करौली बांगर में उप जिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 366/एस.टी-एस.डी.एम./2024, दिनांक 24.05.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानों का नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करौली बांगर<br>तिरथली | 221मि, 224, 239, 243, 353<br>276, 277 | स्व0 श्री रामवीर सिंह पुत्र रामचन्द नि0 ग्राम नगला हुक्म सिंह मा0 करौली बांगर, पर0 व तह0, जिला-गौतमबुद्धनगर | सत्यवती<br>मंजूलता<br>राजकुमार सिंह<br>जितेंदर सिंह<br>प्रदीप कुमार<br>संदीप | पत्नी<br>पुत्री<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र | 74 वर्ष<br>55 वर्ष<br>52 वर्ष<br>52 वर्ष<br>45 वर्ष<br>49 वर्ष | विधवा<br>विवाहित<br>विवाहित<br>विवाहित<br>विवाहित<br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 133 एस0टी0-एस0डी0एम0/2019 दिनांक 28.09.2019 जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार स्व0 ढल्लू पुत्र श्री धर्मपाल नि0 ग्राम पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 15.03.2019 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षों में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 1097 | स्व0 ढल्लू पुत्र श्री धर्मपाल नि0 ग्राम पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कागदी | 74 | माता |
| | | | श्री राकेश | 47 | भाई |
| | | | श्री संजीव कुमार | 40 | भाई |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)
दूरभाष न0: 0120 2395151, फैक्स न0 : 0120 2395150

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या-216, पॉकेट-3(सी). सैक्टर-18 क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर, आवंटन सख्या-YEA018789 के अंतरिकी / सह अंतरिकी Mr. Mukul Goyal & Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal & Smt. Radha Goyal है। सहं अंतरिकी Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal S/o Sh. Damodar Das की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र सहं अंतरिकी Mukul Goyal S/o Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पिता सहं अंतरिकी Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal S/o Sh. Damodar Das के स्थान पर Will के माध्यम से अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है । अत: इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति यमुना विकास आद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय ग्रेटर नोएडा में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड में सहं अंतरिकी Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal S/o Sh. Damodar Das की मृत्यु के उपरांत उनके स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पुत्र सह अंतरिकी Mr. Mukul Goyal & Shri Ramavtar Goyal Alias Ramautar Goyal का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा ।

**विशेष कार्याधिकारी**
**यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 425 / एस0टी0-एस0डी0एम0/2024, दिनांक 27.05.2024 मृतक स्व0 श्री जमशेद पुत्र श्री कमरूद्दीन निवासी ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की दिनांक 05.03.2021 को मृत्यू हो चुकी है, के स्थान पर उनके वारिसानों / पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अच्छेजा बुजुर्ग | 649 | श्री जमशेद पुत्र श्री कमरूददीन निवासी ग्राग अच्छेजा बुजुर्ग परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती अफसरी | पत्नी | 61 वर्ष |
| | | | श्री अब्दुल सलाम | पुत्र | 28 वर्ष |
| | | | श्री मुन फैद | पुत्र | 38 वर्ष |
| | | | श्रीमती मुस्लेमीन | पुत्रवधू | 27 वर्ष |
| | | | कु0 आहाना | पौत्री | 06 वर्ष |
| | | | मौशाद | पौत्र | 05 वर्ष |
| | | | कु0 आयसा | पौत्री | 08 वर्ष |
| | | | जियान | जियान | 04 वर्ष |
| | | | कु0 आशमा खातून | पौत्री | 03 वर्ष |
| | | | सादिक | पौत्र | 02 वर्ष |
| | | | इरफान | पुत्र | 29 वर्ष |
| | | | श्रीमती नसीम | पुत्री (विवाहित) | 47 वर्ष |
| | | | श्रीमती शमीम | पुत्री (विवाहित) | 49 वर्ष |
| | | | श्रीमती रानी | पुत्री (विवाहित) | 44 वर्ष |
| | | | श्रीमती रिहाना | पुत्री (विवाहित) | 39 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों / पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 8 मई 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## पाकिस्तान को माकूल जवाब

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने बेहद पेशेवराना अंदाज़ में पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकियों के 9 ठिकानों को उड़ाकर रख दिया। बड़ी संख्या में दहशतगर्दों को मौत की नींद सुलाने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उन निर्दोषों को न्याय दिया गया जो कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गयी अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये थे। उस कायराना और अमानवीय आतंकी कार्रवाई में कई सुहाग उजड़े थे। सम्भवत: इसीलिये इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम दिया गया। सेना ने यह कार्रवाई बुधवार तड़के में और बुधवार शाम को ही युद्धाभ्यास के रूप में भारत 244 जिलों में अपने नागरिकों को बचाने के लिये सामूहिक मॉक ड्रिल करने जा रहा था। बुधवार की शाम को यह सफलतापूर्वक किया भी गया।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने इस पूरे ऑपरेशन का विवरण देते हुए सुबह दिल्ली में बुलाई एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पड़ोसी मुल्क के किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया और तब तक किसी भी नागरिक के मारे जाने की खबर नहीं थी। हालांकि आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर खुद मसूद अजहर के हवाले से ही आई है। वहां से कुछ आम नागरिकों के घायल होने की अपुष्ट खबरें भी हैं जो वायरल वीडियो के जरिये पहुंची हैं। इस जवाबी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा सीमा से सटे पूंछ इलाके में फायरिंग किये जाने के समाचार मिले हैं जिनमें 10 भारतीयों के मारे जाने तथा कुछ लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है।

भारतीय सेना के तीनों अंगों की यह संयुक्त कार्रवाई इसलिये काबिले-तारीफ है कि इससे विश्व बिरादरी को कहीं भी शिकायत या आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं मिला है। पाकिस्तान के पास भी इसलिये कहने को कुछ भी नहीं रह जाता क्योंकि जिन ठिकानों को हमलों के जरिये नेस्तनाबूद किया गया वे सटीक जानकारी के आधार पर उड़ाये गये हैं और यह पहले से साबित हो चुका था कि उन ठिकानों से चरमपंथी भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं। पहलगाम घटना का सबक भारतीय सेना ने आतंकियों को अच्छी तरह से सिखा दिया। पाकिस्तान के पास भी विरोध के नाम पर कुछ कहने को रह नहीं जाता इसलिये अब वहां से सुलह और शांति की बातें सेना की ओर से आ रही हैं। पाकिस्तानी सेना के अफसर जानते हैं कि पहलगाम घटना के बाद विश्व सहानुभूति भारत के साथ है। दूसरे, इस वक्त उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इस घटना को बड़ी लड़ाई में तब्दील करने का दुस्साहस करे। यदि वह ऐसा करता है तो यह उसकी वैसी ही भूल होगी जो वह 1999 में कारगिल तथा उसके पहले तीन बार पूर्ण युद्ध छेड़कर कर चुका है। हर बार उसे मुंह की खानी पड़ी।

बेशक, हर बार की ही तरह इस वक्त भी भारत का ही पलड़ा भारी है लेकिन उसे भी युद्ध से बचना होगा। इस कार्रवाई से देश के अंदर आतंकियों के खिलाफ़ जो असंतोष व नाराज़गी बनी थी, उसे मिटाने में सरकार को काफी हद तक सफलता मिल गयी है। जो चीन लड़ाई की स्थिति में पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की बात कर रहा था, उसके पास भी कोई कारण और अवसर नहीं रह जाता कि वह पाक को समर प्रांगण में ढकेले। पाकिस्तान से भी इसी आशय के संकेत मिल रहे हैं कि चीन का साथ मिलने के बावजूद पाकिस्तान युद्ध से बचेगा। दूसरे, अगर वह लड़ाई छेड़ता है तो माना जायेगा कि वह आतंकवादियों का इस हद तक समर्थन करता है कि उसके लिये लड़ाई तक छेड़ सकता है। पहले भी उस पर दहशतगर्दों को पनाह देने और अपनी धरती का इस्तेमाल करने देने के आरोप लगते रहे हैं। उसे इस मामले में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आलोचना झेलनी पड़ी है, परन्तु पाकिस्तान अक्सर यह कहकर खुद को बचा लेता है कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। हालांकि उसकी बातों में आंशिक सच्चाई तो है कि पाकिस्तान में भी ये आतंकवादी कार्रवाइयां करने से बाज नहीं आते, जिनमें उसके अपने नागरिक अक्सर मारे जाते हैं। फिर भी उसे आतंकवाद को प्रश्रय और सहायता देने के आरोपों से पूरी तरह मुक्त नहीं किया जा सकता क्योंकि आतंकियों के सफाये के लिये वह उस संजीदगी व सघनता से काम नहीं करता, जैसा कि अपेक्षित है। पाकिस्तान के कट्टरपंथी धार्मिक व राजनीतिक नेताओं, सेना एवं आईएसआई की मिलीभगत से ऐसा होता है- इससे भी सहमत हुआ जा सकता है।

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ही यह कह दिया था कि 'भारत व पाकिस्तान दोनों ही उनके करीब हैं'। वे यह भी मानते हैं कि दोनों देश अपनी समस्या को मिलकर सुलझा सकते हैं। इसका साफ अर्थ है कि फिलहाल अमेरिका बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन चाहेगा कि दोनों देश लड़ाई-झगड़े में न पड़ें। भारत को जो हासिल करना था, वह उसने कर लिया है। अब उसे इसलिये भी इस मामले को जल्दी समेट लेना चाहिये क्योंकि अभी ज्यादातर देश उसके साथ हैं। कम से कम कोई विरोध में आता नहीं दिख रहा है। चीन जो पाकिस्तान के साथ आने की बात कह रहा था, उसके पास अब कोई कारण नहीं रह गया है। यदि आतंकवाद से लेकर किसी भी मुद्दे पर पाकिस्तान कोई चर्चा करना चाहता है या इस मसले को विराम देना चाहता है, तो भारत को भी सकारात्मक प्रतिसाद देकर मामले को खत्म करना चाहिये। बेशक वह ऐसा करने के पहले पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दे।

# मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

शेक्सपियर साहब भारत में होते तो शायद कभी न लिख पाते कि नाम में क्या रखा है, क्योंकि यहां तो बड़े सियासी खेल नाम के बूते ही खेले जाते हैं। दुश्मनों को जवाब देने में भी कौन से नाम का क्या असर पड़ेगा, इसकी रणनीति भी तैयार होती है। तो कम से कम भारत के संदर्भ में देखें तो नाम में बहुत कुछ रखा है।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में बने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसके लिए नाम चुना गया ऑपरेशन सिंदूर। भारतीयों के लिए सिंदूर महज एक रासायनिक पदार्थ वर्मिलियन नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक महत्व है। हिंदू धर्म में बिना सिंदूर के विवाह संपन्न नहीं होता और विवाहिताएं तब तक सिंदूर लगाती हैं, जब तक उनका सुहाग बना रहता है, यानी जब तक पति जीवित है, विवाहिता मांग में सिंदूर भरती है। लेकिन पति की मौत के बाद सिंदूर नहीं लगाया जाता, इसलिए विधवा होने के लिए मांग उजड़ना जैसे मुहावरों का इस्तेमाल होता है। पौराणिक कथाओं में देवियों के श्रृंगार में सिंदूर शामिल था ही, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर देखें तो गुप्त काल (लगभग 320-550 ई.) तक सिंदूर विवाह अनुष्ठानों से पूरी तरह जुड़ गया।

हमारी फिल्मों में कई भावुक दृश्यों में सिंदूर के जरिए नारी शक्ति या सुहाग की ताकत को दिखाया गया। फिल्म ओम शांति ओम का तो संवाद ही बेहद चर्चित हो गया था, जिसमें दीपिका पादुकोण कहती हैं- एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू, ईश्वर का आशीर्वाद होता है एक चुटकी सिंदूर, सुहागन के सिर का ताज होता है एक चुटकी सिंदूर, हर औरत का ख्वाब होता है एक चुटकी सिंदूर। इस फिल्म के लिए मयूर पुरी ने जब ये संवाद लिखा होगा तो उन्हें अनुमान भी नहीं रहा होगा कि यह न केवल कई मौकों पर अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि लगभग 2 दशक बाद इसे आतंकवाद का जवाब देने पर भी दोहराया जाएगा। इसी फिल्म में मयूर पुरी ने एक और संवाद लिखा था कि पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। और बुधवार को यह संवाद भी लोगों को याद आ गया जब पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने ट्वीट किया कि पिक्चर अभी बाकी है। दरअसल जनरल मनोज नरवणे ने संकेत दिए कि पाकिस्तान को अभी पहला सबक ही सिखाया है, अभी इसके आगे आतंकवाद के कई और अड्डे भी तबाह होंगे। आगे और किस तरह के नामों के तहत सैन्य कार्रवाई होगी, ये देखना होगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बता दिया कि राजनैतिक चतुराई और रणनीतिक कौशल उनमें कूट-कूट कर भरा है।

याद कीजिए, लोकसभा चुनावों के वक्त प्रचार रैलियों का, जिनमें नरेन्द्र मोदी ने मंगलसूत्र छीनने का आरोप विपक्ष पर लगाया था और महिला मतदाताओं को यही कहकर अपनी तरफ करने की कोशिश की थी कि भाजपा ही है जो उनके मंगलसूत्र की रक्षा कर सकती है। श्री मोदी के ऐसे बयानों की पर्याप्त आलोचना हुई और सवाल उठे कि वे किस तरह मंगलसूत्र को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। अब मंगलसूत्र के बाद नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर का प्रतीक अपनी रणनीति में शामिल किया है और कमाल देखिए कि इस बार विपक्ष सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि सरकार के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। ऐसा होना भी था, क्योंकि विपक्ष आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर न रखकर अ ब स कुछ भी रखा जाता, तब भी विपक्ष का रवैया यही रहता। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर नाम के ऑपरेशन से दूरगामी बाजी जीतने का दांव चल दिया है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पुरुषों को खास तौर पर निशाना बनाया था और खबरें थीं कि उनसे धर्म भी पूछा गया था। इस लिहाज से व्याख्या करें तो हिंदू स्त्रियों की मांग से सिंदूर उजाड़ने का काम आतंकियों ने किया और इसका जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकियों के ठिकानों को उजाड़ दिया।

> भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

दो हफ्तों से देश इंतजार कर रहा था कि कब सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी। इस इंतजार में देश के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का बहाना विघ्नसंतोषियों को मिला और कई कश्मीरी नागरिकों व मुस्लिमों को जबरन प्रताड़ित किया गया। इस पर शहीद नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपील भी की थी कि आतंकियों से बदला लें, लेकिन किसी को धर्म के नाम पर न सताएं। गौरतलब है कि हिमांशी नरवाल पहलगाम हमले में विधवा हुईं थीं, 16 अप्रैल को उनका विवाह हुआ था और 22 अप्रैल को उनके पति को आतंकियों ने मार दिया। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई, जिसमें वे स्तब्ध अपने पति के शव के पास बैठी हैं। लेकिन इस घटना के बाद भी हिमांशी नरवाल ने हिम्मत का परिचय दिया और अपना दर्द बर्दाश्त करते हुए यही अपील की कि किसी निर्दोष को दर्द न मिले। कायदे से इस बात पर उनकी जी खोलकर सराहना होनी चाहिए थी लेकिन कुंठित सोच और नफरती कुनबे में बदल रहे समाज की तरफ से उन पर ऐसे-ऐसे लांछन लगाए गए जिनकी निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में जब हिमांशी नरवाल लोगों से मिल रही थीं तो उनके चेहरे पर जूम कर वीडियो बनाए गए कि उनकी आंखों में दर्द नहीं है। किसी ने लिखा कि ये इतनी आराम से कैसे खड़ी है, जबकि इसका सुहाग उजड़े 20 दिन भी नहीं हुए। एक ट्रोलर ने तो हिमांशी पर आतंकियों से मिले होने तक का बेहूदा इल्जाम लगा दिया कि अपने पति को मरवाने में उसने साथ दिया और अब सरकार से मुआवजा लेकर वह अपने किसी कश्मीरी दोस्त से शादी कर लेगी। यानी जिसकी जैसी मर्जी हुई उसने हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछाला। हालांकि ऐसा करने वालों से ये नहीं देखा कि उन्होंने कितनी हिम्मत से अपने दर्द को समेटा है और समाज को एकजुट रखने की अपील की है। यह देखकर काफी अफसोस हुआ कि हरियाणा या केंद्र की भाजपा सरकार के किसी व्यक्ति ने ऐसे ट्रोलर्स को गलत नहीं कहा या खुलकर हिमांशी नरवाल के साथ वे खड़े हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी ट्वीट कर टोलर्स की बात को गलत तो कहा, लेकिन सरकार से ऐसी कोई अपील नहीं की कि हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछालने वालों के सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रतिबंध लगे। क्या ऐसे लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा नहीं था, यह सवाल अब भी सरकार के सामने है।

बहरहाल मंगलवार को हिमांशी नरवाल से मिलने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके करनाल स्थित घर पहुंचे। और मंगलवार की आधी रात को ही जब ऑपरेशन सिंदूर किया गया तो इसे हिमांशी समेत उन तमाम महिलाओं की उजड़ी मांग का बदला माना गया, जिनके पति पहलगाम हमले में मारे गए। इस लिहाज से ऑपरेशन सिंदूर इस कार्रवाई के लिए एक सटीक नाम माना जा रहा है और यहां श्री मोदी ने अपने रणनीतिक अंक बढ़वा लिए हैं। इस ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देश और दुनिया को जब बुधवार सुबह औपचारिक तौर पर दी गई तो इसमें भी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विस्तृत जानकारी दी कि किस तरह पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को चिन्हित किया गया, किस ठिकाने पर कौन से आतंकी संगठन का अड्डा था और पूरे ऑपरेशन में कितना वक्त लगा आदि।

सेना और सरकार की तरफ से यह भी एक माकूल कदम था कि दो महिला सैन्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई। हालांकि सेना में धर्म की पहचान गौण हो जाती है और कर्तव्यपरायणता ही सर्वोपरि रहती है, लेकिन फिर भी कर्नल सोफिया कुरैशी का सामने होना पाकिस्तान को कड़ा संदेश था और साथ ही देश के भीतर बैठे उन अराजक तत्वों को भी नसीहत थी कि धर्म के आधार पर विभाजन करने की कोशिश न की जाए, क्योंकि जब दुश्मनों को जवाब देने की बारी आती है तो भारतीय सेना में शामिल सारे धर्मों के लोग एक साथ मिलकर जवाब देते हैं। सोफिया का मतलब होता है बुद्धि और व्योमिका मतलब है आकाश की बेटी या आकाश में रहने वाली और दिलचस्प संयोग रहा कि भारतीय सेना ने बुद्धि और साहस दोनों के मेल से आकाश के जरिए ही आतंकियों को सबक सिखा दिया है।

भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

# भारत पहले सिंधु नदी के जल पर देश के वास्तविक नियंत्रण की तैयारी करे

■ अंजन रॉय

पानी में आसानी से आग लग सकती है। जब सिंधु नदी के जल की बात आती है, तो हम देख रहे हैं कि यह कितना ज्वलनशील हो सकता है - कम से कम अभी के लिए, मौखिक रूप से ही सही, विशेषकर भारत द्वारा सिंधु जलसंधि को निलंबित करने के बाद।

यह एक व्यापक सशस्त्र संघर्ष का केंद्र भी बन सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ गंभीर विचार भी हैं। एक व्यापक या लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से बचना भारत के हित में है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक वृद्धि पटरी से उतर सकती है। युद्ध से उच्च राजकोषीय घाटा, या आर्थिक नीति की बाध्यताओं से ध्यान भटकाना, विकास प्रक्रिया को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के लिए पाकिस्तान को दंडित करने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि वह देश को आर्थिक रूप से भूखा रखे और उसके अंतिम आर्थिक दिवालियापन की ओर बढ़ाये, ताकि नागरिक जीवन पर सेना की पकड़ ढीली हो जाये। सिंधु जल संधि की बात करें तो जल संधि को स्थगित रखना अच्छी बात थी, लेकिन वास्तव में इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। और यहीं कहानी की असली कहानी है।

अब ऐसी खबरें हैं कि भारत बगलिहार बांध का उपयोग करके चिनाब नदी के प्रवाह को रोकने का प्रस्ताव रखता है। चिनाब एक पश्चिमी नदी है और संधि के तहत भारत केवल कुछ सीमित तरीकों से इसका उपयोग कर सकता है। यह एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है, जिसका अर्थ है कि केवल सीमित उपयोग। बगलिहार में 900 मेगावाट क्षमता का पनबिजली स्टेशन है। लेकिन इसकी भंडारण क्षमता सीमित है। ट्रे को अलग रखना और इसके पानी को मोड़ना वास्तव में पाकिस्तान की नस को काटना हो सकता है। देश अपने अस्तित्व के लिए इन पानी के उपयोग पर पूरी तरह से निर्भर है। लेकिन यह निर्णय आतंकवादी राज्य को तभी नुकसान पहुंचा सकता है जब पाकिस्तान में पानी का प्रवाह वास्तव में रुक जाये। इसका मतलब है कि भारत के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वास्तविक बुनियादी ढांचा और साधन होने चाहिए।

सिंधु जल प्रणाली की पश्चिमी नदियां, साथ ही भारत से होकर बहने वाली पूर्वी नदियां, गर्मियों के महीनों में भारी मात्रा में पानी प्राप्त करती हैं, जब ग्लेशियर और हिमालय के ऊपरी हिस्से पर अधिक तापमान होने लगता है। हिमालय की पिघलती बर्फ नदियों में लाखों क्यूसेक पानी छोड़ती है।

भौगोलिक रूप से हिमालय को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शीतल जल भंडार माना जाता है, अन्य दो हैं दोनों ध्रुवीय क्षेत्र, उत्तरी ध्रुव और अंटार्कटिका। सर्दियों के महीनों में गिरने वाली और जमने वाली बर्फ, उपमहाद्वीप में इन गर्म महीनों में पिघलने लगती है।

सिंधु जल प्रणाली में छह नदियां हैं, पूर्वी नदियां, ब्यास, सतलुज और रावी ये भारत की ओर जाती हैं। सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान के हिस्से में आती हैं। पश्चिमी नदियों को पिघलते हिमालय से भारी मात्रा में पानी मिलता है।

लेकिन इन नदियों के ऊपरी इलाकों में पूरे मौसम में बढ़ते पानी को संग्रहित करने के लिए बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। उन्हें रोके रखने से विनाशकारी बाढ़ आ सकती है और झरने के प्रवाह के विभिन्न स्तरों पर दबाव पड़ सकता है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता होगी, जिसके लिए हाइड्रोलॉजिकल क्षमता और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी।

जहां तक आम जानकारी है, वर्तमान में समग्र प्रवाह के किसी भी महत्वपूर्ण हिस्से को संग्रहित करने के लिए ऐसा बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। 1960 के बाद से, हमने उच्च जल प्रवाह के मौसम में प्रवाह के कुछ हिस्सों को संग्रहित करने के लिए ऐसी कार्य योजना पर ज्यादा विचार नहीं किया है।

ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

> ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

अब, जब हम देख रहे हैं कि ये पानी क्या रणनीतिक हथियार हो सकते हैं, तो ऐसे कार्यक्रम के लिए एक एकीकृत योजना के बारे में सोचने का समय आ गया है। इसके लिए न केवल तकनीकी क्षमताओं और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि बहुत अधिक धन की भी आवश्यकता होगी।

हमारे ज्ञान के लिए, हम पहले से ही देख रहे हैं कि चीन किस तरह से बहु-देशीय एशियाई नदियों के ऊपर सुविधाओं का निर्माण कर रहा है ताकि हिमालय की ऊपरी पहुंच में उपलब्ध विशाल जल संसाधनों का दोहन और उपयोग किया जा सके।

हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि चीन पहले से ही हिमालयी ऊपरी पहुंच में ब्रह्मपुत्र नदी को मोड़ने का काम कर रहा है, जहां यह भारत में प्रवेश करने से पहले पूर्वी हिमालय में एक तीव्र मोड़ लेती है। हमारी आपत्तियों के बावजूद चीन अपने मैदानों और कृषि भूमि को पानी देने के लिए त्सांग पो - ब्रह्मपुत्र का चीनी नाम - को मोड़ने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रहा है।

एक बार जब यह परियोजना पूरी हो जाती है, तो भारत के उत्तर पूर्व के बड़े हिस्से, साथ ही बांग्लादेश भी शुष्क रेगिस्तान में बदल जायेंगे। हालांकि, चीन अन्य देशों के किसी भी विरोध पर ध्यान नहीं देता है।

हमें चीन से सीख लेनी चाहिए और सिंधु जल प्रणाली के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए ताकि इन प्रवाहों से अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

सिंधु जल प्रणाली के लिए प्रतिस्पर्धा अभी शुरू हुई है। अब जबकि हमने लंबे समय तक प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध कर लिया है, तो योजना और उसके क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। भारत का खून बहने के बजाय,जैसा कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने धमकी दी है, नदी पर वास्तविक नियंत्रण हमारे देश भारत के हाथ में होना चाहिए।



## ललित सुरजन की कलम से

### परीक्षा की एक और घड़ी

*'हम घटनाचक्र की बारीकियों पर नहीं जाना चाहते। पाठकों के पास सूचनाओं की कमी नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया जो कुछ परोस रहा है उसमें तथ्यों को निकालना व घटनाओं का विश्लेषण करना आसान नहीं है, लेकिन विवेकशील नागरिकों को यह कष्ट उठाना ही चाहिए। उन्हें हम कहना चाहते हैं कि ऐसे कठिन समय भावनाओं में बहने से अपना याने देश का ही नुकसान होता है। यह समझना जरूरी है कि विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास, घृणा और हिंसा का माहौल बनाने के पीछे कौन सी ताकतें हैं और उनके मंसूबे क्या हैं। काश्मीर, पंजाब और असम से लेकर केरल और तमिलनाडु तक पूरे देश में समय-समय पर हमने हिंसा की वाला को न सिर्फ महसूस किया है बल्कि उसमें बार-बार जले भी हैं। यह सामान्य बुध्दि कहती है कि जब पड़ोसी का घर जलता है तो उसकी लपटों से हमारा घर भी नहीं बच सकता। इसलिए अपने पाठकों से निवेदन है कि वे किसी भी तरह से भावनाओं के उन्माद में न आएं और फेसबुक, ट्विटर, एसएमएस आदि का उपयोग भड़काने वाले बयानों के लिए न होने दें।'*

**( देशबन्धु में 18 अगस्त 2012 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/08/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### बंधन मुक्त हो हंमारा जीवन

मानवीय जीवन का यह स्वभाव है कि वह हर विचार-वस्तु से अपना तारतम्य स्थापित करने में सक्षम है अर्थात उसे किसी भी विषय को स्वीकारने में तनिक भी देर नहीं लगती। कारण कि वह बहुत समय से अभ्यस्त है एक निश्चित ढर्रे पर कार्य करने हेतु। उसकी पीड़ा यह है कि वह कर्म में लगती तो है, पर अपने वास्तविक -स्वभाव में अटल स्थिति होने में उसे विषय संयोग बाधा पहुंचाते हैं। उसकी महत्ता इसी में है कि वह अपने आप को कुप्रभावों से रहित करे, चाल-चलन के पार देखने का अभ्यास हो तथा जीवन को अधिक रसयुक्त बना सच्चे अर्थों में उसे नवीन बनाए। जिस दृष्टिकोण से चेतना परिष्कृत होती है। वह कोई और नहीं, उसका गुण-कर्म-स्वभाव का परिष्कार ही है। इसे ही हम आत्मिकी के विकास की प्राथमिक आवश्यकता कहते हैं। जीवन का यथार्थ पथ वही है, जो इस दृष्टिकोण को विकसित करता जाए. तथा जीवन से हर प्रकार के बंधन को मिटा, उसे स्वच्छ, निर्मल एवं पवित्र भी बनाता जाए।

जीवन बंधनग्रस्त कब होता है ? जब उसे अपनी दिशा का पता नहीं लगता, जब वह अंधकार में यों ही रमण किया करता है, उसकी प्रतिभा का जागरण किसी उद्देश्य की प्राप्ति में नहीं हो पाता। हमें अपना जीवन ऐसा बनाना चाहिए, जो यथार्थ में जीवन संपदा का सच्चा सदुपयोग कर सके। उसे आवश्यकता है हमारी बंधनों एवं कुप्रभावों से विरक्ति तथा अनुकूल प्रयोजन को समझ उस दिशा में हमारा आगे बढ़ना।

जीवन का सत्य पथ वही है जो विवेक की अश्रुधारा से निकला हो, जिसे बनाने में आत्मा का धैर्य एवं पुरुषार्थ लगा हो, जो सच्चे अर्थों मैं हमें नवीन बनाए तथा चाल-चलन से परे सत्य के एकाधिकार में ले। हमारा जीवन किस महान दृष्टिकोण को अंगीकार करे इसे समझना हो तो एक काम करें। चुपचाप अकेले में यथावस्तु बैठ जाए। देखें कि क्या ऐसा है जो रोक रहा है हमें अपनी वास्तविक क्षमता के प्रदर्शन हेतु , ढूंढें कि किस मार्ग से हम आगे चलें, ताकि जीवन का सच्चा सदुपयोग अपनी प्रेरणा वशवर्ती हो सके। जीवन यथार्थ में उसी का बना है, जिसने अपनी आत्मा के संसर्ग को कौड़ियों के मोल नहीं बेचा जो इस सत्य से परिचित हो गया कि जीवन का एकांत पथ किसी और पर निर्भर नहीं, उसे तो स्वयं के ही दिशाचलन से पार किया जा सकता है। जीवन की यह अद्भुत महानता है कि उसे किसी अन्य का नहीं एकमात्र सत्य का आशीष तथा प्रेरणा का अनुपुंज चाहिए। प्रेरणा जितनी महान होगी जीवन उतना ही निखरता चला जाएगा। अंतत: उसे उस सुखसागर में वो मिलेगा, जिसे परमात्मा कहते हैं। इसलिए पूर्व तैयारी रखिए सभी कंटकाकीर्ण परिस्थितियों को स्वयं की अनदेखी में हुए क्रिया-कृत्यों को तथा मार्ग की अनेकानेक बाधाओं को हटाइए और यथार्थ पथ का अनुसंधान करिए।

**- अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सरहद से घुसपैठ बड़ी समस्या

बेईमानी की आय से रातोंरात महल खड़ा करने की लालच ने बनाए बांग्लादेशी घुसपैठियों का हमदर्द। घुसपैठ बड़ी समस्या बनती जा रही है। सरहद पार से भारत में घुसपैठ की बढ़ती तादाद ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। पग पग पर अनीति का साम्राज्य स्थापित होता जा रहा है। पैसे के लालच ने अंधा कर दिया है और रातों रात करोड़पति बनने के ख्वाब ने एजेंटों को देशद्रोही प्रवृति करने के लिए मजबूर कर दिया है। एक सर्वे के अनुसार देश में हजारों घुसपैठियों के घुसने और आधार कार्ड बनाकर रहने की खबर अखबार की सुर्खियों में रहती है। यह देश का दुर्भाग्य है कि भारत में हर रोज घुसपैठ की खबर टॉक ऑफ टाउन रहती है। लेकिन सीमा सुरक्षा के जवानों की आंखों में धूल झोंक कर भारत में आना आसान नहीं है इसलिए मेघालय के रास्ते दलालों के सहयोग से घुसपैठ करने की खबर दिल्ली में पकड़े गए 44 बांग्लादेशियों से प्राप्त हुई है। भारत की नागरिकता और आधार कार्ड आदि दस्तावेज बनाने के लिए एजेंट सक्रिय हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों का दिल्ली से चेन्नई तक तार जुड़े हुए हैं। चेन्नई पुलिस ने 33 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। भारत को धर्मशाला समझने वाले घुसपैठियों पर बराबर कार्रवाई होनी चाहिए। भारत में घुसपैठ का धंधा फल-फूल रहा है। लाखों की हेराफेरी करने वाले स्थानीय एजेंट इनके दस्तावेज बड़ी रकम ऐंठकर बनाते हैं। घुसपैठ की इस महामारी को खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। पुलिस को आशंका है कि सौ से अधिक आरोपितों को पकड़ा जा सकता है। मेघालय और पश्चिमी बंगाल के रास्ते घुसपैठियों की आसानी से एंट्री हो जाती है। यह देश के लिए घातक है। देश में फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रहे घुसपैठिए को एजेंटों का बराबर सहयोग मिल रहा है। भारत को अपनी जागीर ज़मझने वाले को कानून के दायरे में लेना होगा। दिल्ली पुलिस ने इमिग्रेशन रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 44 घुसपैठियों को पकड़ा गया है। हमारे पड़ोसी देश से किस तरह से एजेंटों के सहयोग से बड़ा कारनामा किया जा रहा है। देशद्रोही प्रवृतियों में सलंग्न सभी अपराधियों पर कड़ी निगरानी करनी होगी। इस तरह की प्रवृति हर देश में निठल्ले और बेईमान लोगों की वजह से फल-फूल रही है। देश में अवैध रूप से रहकर अवैध कारोबार करने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस ने 11 आधार कार्ड, कम्प्यूटर और अनेक चौंकाने वाले दस्तावेज कब्जे में कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस को मिली कामयाबी की वजह सरकार सख्त है। भारत में घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकाल बाहर करना चाहिए। देश में जनसंख्या बढ़ाने की इस मुहिम में अंतरराष्ट्रीय गिरोह सक्रिय है। भारत की सरहदें मजबूत और चाक-चौबंद करने की अति आवश्यकता है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,*
*( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## लाल सागर में गिरा अमेरिका का लड़ाकू विमान

**लॉस एंजिल्स,** 7 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत से फिसलकर एक और अमेरिकी लड़ाकू विमान मंगलवार को लाल सागर में गिर गया। इस तरह से यह एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में विमानवाहक पोत से अमेरिकी लड़ाकू विमान के गिरने की दूसरी धटना है। एनबीसी न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अपनी बताया गया कि विमान, एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट, मंगलवार को 9:45 बजे स्थानीय समय के आसपास लैंडिंग के प्रयास के दौरान पानी में गिर गया। हादसे के समय लड़ाकू विमान अरेस्टिंग वायर को जोड़ने में विफल रहा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दोनों विमान चालक सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए और उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं।

### भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा

# अगर भारत पीछे हटेगा तो हम भी तनाव खत्म कर देंगे

**इस्लामाबाद,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत अपने आक्रामक रुख से पीछे हटता है, तभी यह तनाव खत्म हो सकता है। यह बयान तब आया जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ जगहों पर हवाई हमले किए। भारत का कहना है कि ये हमले आतंकवादी ठिकानों पर किए गए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जवाबी कार्रवाई का दावा किया है।

ब्लूमबर्ग से बात करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमला शुरू नहीं किया, बल्कि केवल भारत के हमले का जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि यह सब भारत ने शुरू किया है। अगर भारत पीछे हटेगा तो हम भी तनाव खत्म कर देंगे। लेकिन जब तक हम पर हमला होता रहेगा, हमें अपनी रक्षा करनी होगी।

पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) के प्रमुख जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि इन हवाई हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और 46 घायल हुए हैं। ये हमले पीओके और पंजाब प्रांत के उन इलाकों में हुए जहां भारत के अनुसार आतंकियों के ठिकाने थे। इस स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है।



**पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा का पूरा हक है, हमने हमला शुरू नहीं किया, बल्कि केवल भारत के हमले का जवाब दिया है : ख्वाजा आसिफ**

## भारत-पाकिस्तान की स्थिति पर बारीक नजर : मार्को रुबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है, और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा। श्री रुबियो ने कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है।

## भारत की एयर स्ट्राइक के बाद इस्लामाबाद में स्कूल-कॉलेज बंद

**इस्लामाबाद।** भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय इस्लामाबाद ने एक आदेश में कहा है कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण यह अधिसूचित किया जाता है कि इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज 7 मई 2025 (बुधवार) को बंद रहेंगे। हालांकि, सभी निर्धारित परीक्षाएं 7 मई को योजना के अनुसार होंगी और इस पर कोई असर



नहीं पड़ेगा। भारत ने 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार इस पूरी सैन्य कार्रवाई पर नजर रखे हुए हैं। भारतीय सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे हमले केंद्रित और सटीक थे। हमने केवल उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां से भारत के खिलाफ हमले की योजना बनाई गई थी।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 8 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। बहुत लंबे समय के लिए निवेश की योजना बनाएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आप वाणी से आप लोगों को आकर्षित और प्रभावित कर सकेंगे। लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। चर्चा या विवाद में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लेखन कार्य या पठन कार्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह - दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या - आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

तुला - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की संभावना है। आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आय से अधिक व्यय होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आर्थिक योजना तथा व्यापार के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा और सफलता मिलेगी। आपके भीतर लोकहित की भावना होगी। आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दुनिया को भारत ने बताया हमने आतंकी ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, यूएन महासचिव ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र,** 7 मई (एजेंसियां)। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान को लेकर बहुत चिंतित हैं और उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक के अनुसार, दुनिया दोनों देशों के बीच टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। भारत द्वारा पाकिस्तान और कश्मीर में अपने कब्जे वाले क्षेत्र में मिसाइल हमले की घोषणा के तुरंत बाद दुजारिक ने कहा कि वह दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

**दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का किया आह्वान**

भारत के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है। एक्स पोस्ट में कहा कि बर्बर पहलगाम आतंकी हमले के सटीक और संयमित जवाब में नौ आतंकवादी बुनियादी ढांचे स्थलों पर केंद्रित हमले किए गए।



**नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है-और जिम्मेदार लोगों को पारदर्शी, विश्वसनीय व वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए : एंटोनियो गुटेरेस**

इससे पहले, भारतीय सेना ने कहा था कि उसने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान के भीतर नौ स्थानों पर हमला किया है। सेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि थोड़ी देर पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित किया गया था। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी पोस्ट किया 'न्याय हुआ। जय हिंद।' सेना ने कहा कि कुल मिलाकर नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, नपी-तुली और उकसावे की नहीं रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है।

पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीर के पर्यटन स्थल में 26 लोगों के नरसंहार की जिम्मेदारी ली थी। सोमवार को गुटेरेस ने हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है- और जिम्मेदार लोगों को पारदर्शी, विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

## अब टैक्स फ्री क्रिप्टो का ज़माना गया, क्या आप तैयार हैं?

**नई दिल्ली।** पिछले कई वर्षों से विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंज भारत में टैक्स नियमों की अनदेखी करते हुए सक्रिय रहे हैं। इनका लाभ उठाते हुए कई भारतीय ट्रेडर्स 1त्व झ्रष्टस्न और अन्य टैक्स देनदारियों से बचते रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स ने 'नो टैक्स ट्रेडिंग' का झांसा देकर यूज़र्स को यह यकीन दिलाया कि वे टैक्स की ज़िम्मेदारी से बच सकते हैं। लेकिन अब यह भ्रम जल्द ही टूटने वाला है। अगर आप भी अब तक यही सोचकर विदेशी एक्सचेंजों पर ट्रेड कर रहे थे कि टैक्स नहीं देना पड़ेगा, तो अब सच्चाई का सामना करने का समय आ गया है। भारत सरकार ऐसे सभी रास्तों को बंद कर रही है, जिससे टैक्स बचाना अब मुमकिन नहीं रहेगा — और ऐसा करने वालों को अब कानूनी और आर्थिक दोनों तरह की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत सरकार जल्द ही क्रिप्टो एसेट रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क (CARF) को लागू करने जा रही है, जिसके ज़रिए विदेशी एक्सचेंजों पर किए गए सभी क्रिप्टो लेन-देन टैक्स अधिकारियों की नज़र में आ जाएंगे। यानी अब यदि आपने टैक्स की जानकारी नहीं दी है, तो सिर्फ बकाया टैक्स ही नहीं, बल्कि भारी जुर्माना भी भरना पड़ेगा।




## आतंकियों को पता होना चाहिए कि बचने के लिए कोई जगह नहीं : इजरायल

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के एयरस्ट्राइक का इजरायल ने समर्थन किया है। इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए कोई जगह नहीं है।

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की। इस सैन्य कार्रवाई में उन आतंकी कैंपों और लॉजिस्टिक ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों से जुड़े थे।



■ **इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का किया समर्थन**

भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों से जोड़ा है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी द रेसिस्टेंस फ्रंट ने जिम्मेदारी ली है।

सेना ने ऑपरेशन के बाद कहा कि थोड़ी देर पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित की गई थी।

भारतीय सेना के प्रवक्ता ने हमलों की सटीकता और सीमित दायरे की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमारी कार्रवाई केंद्रित और सटीक रही।

**मामला** *ब्रिटेन के अनुसार भारत व पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव एक गंभीर चिंता का विषय, कहा*

## संयम बरतें व कूटनीति संवाद के रास्ते से समाधान खोजें

**लंदन, 7 मई (एजेंसियां)। ब्रिटेन ने भारत एवं पाकिस्तान से आज कहा कि यदि दोनों देश युद्ध में उलझे तो कोई भी जीत नहीं पाएगा इसलिए उनसे अपील है कि वे संयम बरतें और कूटनीति एवं संवाद के रास्ते से समाधान खोजें। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव एक गंभीर चिंता का विषय है। ब्रिटेन सरकार भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और आगे बढ़ने के लिए एक त्वरित, कूटनीतिक रास्ता खोजने के लिए सीधे संवाद में शामिल होने का आग्रह कर रही है। मैंने भारत और पाकिस्तान में अपने समकक्षों को स्पष्ट कर दिया है कि अगर यह और बढ़ता है, तो कोई भी जीत नहीं पाएगा।**



■ **ब्रिटेन ने की थी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा**

श्री लैमी ने कहा कि ब्रिटेन ने पिछले महीने पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले की निंदा की है। इस क्षेत्र में ब्रिटिश नागरिकों की सुरक्षा हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।

ब्रिटिश सरकार का विदेश, राष्ट्रकुल एवं विकास कार्यालय घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रखता है और किसी भी ब्रिटिश नागरिक को 24/7 सहायता देने के लिए तैयार है। इस क्षेत्र में रहने वाले किसी भी ब्रिटिश नागरिक को स्थानीय अधिकारियों की सलाह के साथ-साथ जिस देश में वे हैं, उसके लिए विदेश, राष्ट्रकुल एवं विकास कार्यालय के यात्रा परामर्श का पालन करना चाहिए।

## कसाब व हेडली की ट्रेनिंग सेंटर को भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ओर से मंगलवार-बुधवार की रात 25 मिनट तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर अटैक किया। इस एयर स्ट्राइक के बारे में भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के जरिए जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 25 मिनट में आतंकियों की पनाहगाहों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलाया गया। इनमें वो ठिकाने भी थे जहां कभी कसाब और हेडली जैसे आतंकियों को प्रशिक्षित किया गया था। वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंगलवार-बुधवार देर रात 1 बजकर 5 मिनट से 1 बजकर 30 मिनट के बीच ये हमला किया गया था। पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर लांच किया।



## आज का इतिहास

1541-हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की।
1828-इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस (आईसीआरसी) के संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्म।
1847-रॉबर्ट डब्ल्यू थॉम्पसन ने रबर टायर का पेटेंट कराया।
1871-ब्रिटेन और अमेरिका के बीच समझौते के बाद अलबामा विवाद समाप्त हुआ।
1886-कोल्ड ड्रिंक कोकाकोला का उत्पादन शुरु हुआ।
1895-उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गाँधीवादी कार्यकर्ता गोपबन्धु चौधरी का जन्म।
1899-भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक वासुदेव चापेकर का निधन।
1915-भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चन्द का निधन।
1921-स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म किया।
1926-प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का जन्म।
1929-भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म।
1932-पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी सत्यव्रत मुखर्जी का जन्म।
1933-महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 21 दिन का उपवास रखा।
1945-मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण।
1954-चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया गया।
1962-कलकत्ता (अब कोलकाता) में रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
1980-विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की।
1982-प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार आत्माराम रावजी देशपांडे का निधन।
1999-बेलग्राद स्थित चीनी दूतावास पर नाटो द्वारा प्रक्षेपास्त्रों से हमला।
2000-भारतीय मूल के 69 वर्षीय लॉर्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्वविद्यालय ब्रिटिश यूनीवर्सिटी के कुलपति नियुक्त।

## सुडोकू 6906


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6906



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०.स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बद्चलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली-6905


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | ■ | ४ ध | म | ५ रा | ज |
| नि | ■ | र | ■ | ६ टि | क | ना | ■ | जि | ■ |
| ७ वा | जि | ब | ■ | ही | ■ | त्म | ■ | ८ त | ९ म |
| र्य | ■ | त | ■ | १० न | र्त | क | ■ | ■ | दि |
| ■ | ११ प | र | १२ ख | ■ | ■ | ■ | १३ ज | खी | रा |
| ■ | गा | ■ | दि | ■ | १४ सं | ग्र | ह | ■ | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | ■ | क | ■ | १७ र | १८ स | न |
| र्व | ■ | र | ■ | १९ अ | ल्प | २० ना | ■ | लि | ■ |
| २१ प | रा | ग | ■ | र्च | ■ | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | ■ | २४ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### फिलीपींस में एवियन फ्लू का पहला मामला आया सामने

**मनीला,** 7 मई (एजेंसियां)। फिलीपींस ने बुधवार को घोषणा की कि दक्षिण-पूर्व में कैमरिन्स सुर प्रांत में हाई पैथोजेनिसिटी एवियन इन्फ्लुएंजा टाइप ए सबटाइप एच5एन9 का पहला मामला मिला है। फिलीपींस के कृषि विभाग की पशु उद्योग ब्यूरो ने कहा कि पशु रोग निदान और संदर्भ प्रयोगशाला ने बत्तख के नमूनों में इस वायरस की पुष्टि की। ब्यूरो ने एक बयान में तीस अप्रैल को इसकी पशु रोग निदान और संदर्भ प्रयोगशाला ने नियमित निगरानी के दौरान एकत्र किए गए बत्तख के नमूनों से सकारात्मक परिणाम की सूचना दी।



बयान में कहा, सबटाइप एच5एन9, हालांकि पक्षियों में अत्यधिक रोगजनक है, लेकिन वर्तमान वैश्विक आकलन के आधार पर मनुष्यों के लिए कम जोखिम पैदा करता है। ब्यूरो ने कहा कि पता लगने के बाद उसने अपने क्षेत्रीय कार्यालय को रोग नियंत्रण उपायों की तुरंत अनुशंसा की, जिसमें तत्काल संगरोध, वध, निगरानी और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय शामिल है।

# प्रादेशिकी

## सेना की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू के नाम से होगी बद्रीनाथ में पूजा: महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना की इस बहादुरी और कौशल की कहानी ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हमारी तीनों सेनाएं त्रिशूल हैं जिसने दुश्मन के घर में घूसकर उसे पहलगाम हमले का माकूल जवाब दिया है। प्रदेश के पर्यटन, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पहले त्रेतायुग में हनुमान जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को घर में घूसकर मारा और अब बालाकोट के बाद एक बार पुनः हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर सीमा पार बैठे आतंकवादियों के ठिकानों को चुन चुन कर तबाह किया है। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं की सूझबूझ और पराक्रम से आज देश स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### सुक्खू ने की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता

# ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता के लिए सुरक्षा बलों को दी बधाई



**शिमला,** 7 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारतीय सेना द्वारा 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के उपरान्त आज यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने देश की सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, खाद्यान्न आपूर्ति, संचार व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य सेवाएं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की तथा विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था तथा विभिन्न प्रबन्धों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

## हरीश रावत ने दी सेना को बधाई

**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय सेना ने फिर से यह साबित कर दिया है कि भारत की तरफ जो भी आंखे दिखायेगा भारत उसकी आखे फोड़ दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हमारे सिर गर्व से ऊपर किया है। उन्होने भारतीय सेना द्वारा की गयी कार्यवाही आप्रेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि दुष्मन हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर लूटोगा तो भारत चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने यह दिखा दिया कि आतंक और आतंकवादी कहीं भी हों हम वहां भी उनको नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर यह प्रहार, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। हम सब एक हैं, सारा भारत एक है। उन्होने कहा कि हमें उम्मीद है पाकिस्तान ने कुछ और हठधर्मी दिखाई तो फिर हमारा लक्ष्य अब केवल वह मस्जिद सुभान अल्लाह नहीं होगी जहां से आतंकवादी तैयार करके भारत के अंदर चाहे संसद भवन हो, चाहे मुंबई हो या कहीं भेजे जाते थे, आज जैश के हेड क्वार्टर पर हमला करके भारतीय सेना ने जैशकृएकृमोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों को चुनौती दी है कि या तो दुम दबा करके कहीं किसी बिल में घुस जाओ नहीं तो तुम्हारा अब कोई ठिकाना नहीं है। अब तुम्हें कोई नहीं बचा सकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से खुशी, धामी सहित लोगों ने सेना को दी बधाई

**देहरादून।** प्रदेश की राजधानी देहरादून की सड़कों पर बुधवार सुबह भारत माता की जय के जयकारों की गूंज सुनाई दी। पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद की सफलता की खुशी लोगों के चेहरे खिल उठे। राजधानी दून में योगाचार्य डा बिपिन जोशी के सानिध्य में गढ़ी कैंट में भारतीय सेना को बधाई दी गई। डॉ जोशी ने कहा कि आतंकवाद का अब खत्मा होना ही चाहिए। हर आतंकवादी को जमीन में गाड़ने तक कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्य वसंत उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में रैली में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बुधवार की सुबह पौराणिक टपकेश्वर महादेव देहरादून में भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया गया और भारतीय सैनिकों के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई। सीएम धामी ने एयर स्ट्राइक पर जताई खुशी। सीएम धामी ने सोशल मीडिया के एक्स अकाउंट पर लिखा कि पहलगाम आतंकी हमले से आक्रोश में भरे बैठे देश के लोग भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से खुश हैं। उनका कहना है कि आतंकवादियों को इसी तरह नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जैसे ही रात में एयर स्ट्राइक की खबर लगी।

## सैन्य क्षेत्र के आस पास घूम रहा एक संदिग्ध गिरफ्तार

**रुड़की,** 7 मई (देशबन्धु)। मंगलवार की देर रात रुड़की सैन्य क्षेत्र के आसपास घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को सेना के जवानों ने पकड़ लिया। पकड़े गए सन्दिग्ध से रात भर सेना की इंटेलिजेंस ने कड़ी पूछताछ की है। पता चला है कि सन्दिग्ध व्यक्ति बिहार राज्य का रहने वाला है। बुधवार की दोपहर को सेना के जवान सन्दिग्ध व्यक्ति को लेकर कोतवाली सिविल लाइन पहुंचे। सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ शुरू की है। बताते चले कि पाकिस्तान पर मंगलवार की रात भारत की स्ट्राइक के बाद रुड़की स्थित सैन्य क्षेत्र के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिविल लाइन कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद थपलियाल ने बताया कि अभी अभी सन्दिग्ध को कोतवाली लाया गया हैं पूछताछ के बाद ही इस बारे में कोई जानकारी दी जा सकती है। भारत की तरफ से पाकिस्तान पर की गई स्ट्राइक के बाद शहर से लेकर देहात तक पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। शहर में जगह-जगह तलाशी अभियान चल रहा है साथ ही संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल्कि तुलना की गई है। गंग नहर कोतवाली पुलिस ने रामपुर चुंगी, तेलीवाला फाटक, सोहलपुर तिराहा पर चेकिंग शुरू की है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के आसपास और होटल में चेकिंग अभियान शुरू किया है।


# सिंदूर उजाड़ने वालों को भारतीय सेना का करारा जवाब : बड़ौली

- बड़ौली मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है : पंडित मोहल लाल



**चंडीगढ़,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना ने 'आपरेशन सिंदूर' चलाकर माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को करारा जवाब दिया है। श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसी संकल्प का हिस्सा है। श्री बड़ौली ने कहा कि मंगलवार की देर रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान में दहशतगर्दों के नौ ठिकानों को तबाह कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए परिवारों के साथ न्याय किया है।श्री बड़ौली ने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहुजा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हो रहा है। आप्रेशन सिंदूर मजबूत होते भारत की पहचान है। भारत की सेना ने अपनी ही जमीन पर ऑप्रेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में साजिश के तहत आतंकियों ने धर्म को टारगेट कर निर्दोष लोगों की हत्या की थी। इससे देश के लोगों में आक्रोश था। गत 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संदेश और भरोसा दिया था कि आतंकियों और उन्हें पालने पोसने वालो को मिट्टी में मिलाया जाएगा।श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में उन नौ ठिकानों को टारगेट किया जहां से आतंकी ट्रेनिंग लेते थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना से भारत के 140 करोड़ लोगों में आक्रोश था। लोगों को पूरा भरोसा था कि मोदी सरकार आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इसी कड़ी का हिस्सा है। मोदी सरकार ने अपने वादे को पूरा किया और हमारी सेना ने 25 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

## पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में मिलाने का समय: रामदेव



**हरिद्वार।** योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि आतंकवादियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या की और हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर को छीनने का दुस्साहस किया। ऐसे आतंकियों को हमारे सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से करारा जवाब दिया और उन्हें मृत्यु के घाट उतारकर स्पष्ट संदेश दिया है। बाबा रामदेव ने कहा कि हमारी सेनाएं अब इस प्रकार निर्णायक प्रहार करें कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना लिया जाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत दूरदर्शिता के साथ ऐसी नीति अपनाएं, जिससे पाकिस्तान भविष्य में ऐसी किसी भी हिमाकत से पहले सौ बार सोचने को विवश हो।

**सार संक्षेप**

### इनेलो ने पानी रोकने पर किया धरना व प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनन लोकदल (इनेलो) ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन पंजाब द्वारा भाखड़ा के पानी का पूरा हिस्सा न देने और गैरकानूनी ढंग से भाखड़ा ब्यास प्रबंधन वोर्ड( बीबीएमबी) पर ताला जडने़ के विरोध में सडक़ों पर उतर कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इनेलो के कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मटके फोड़े और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुतले जलाए। खास बात यह भी रही कि सभी जिलों में महिलाएं भारी तादाद में मौजूद रही। गुरुग्राम जोन के सात जिलों रोहतक में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, सोनीपत में प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, गुरूग्राम में विधायक अदित्य देवीलाल, झज्जर में महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, मेवात में पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, रेवाड़ी में डॉ राजपाल यादव और पलवल में महेंद्र चौहान की अगुवाई में प्रदर्शन किया और सभी उपायुक्तों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे।

### रामनगर के बैलपड़ाव के जंगल में लगी भीषण आग

**रामनगर।** रामनगर तराई पश्चिमी डिवीजन के बैलपड़ाव क्षेत्र में बीती रात जंगल में आग लग गई। आग पुलिस चौकी और आबादी क्षेत्र के करीब लगने से लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पुलिस चौकी तक धुआं उठने लगा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। बैलपड़ाव क्षेत्र में लगी आग को वन विभाग की टीम काबू पाने की हर संभव कोशिश कर रही है। आग आबादी क्षेत्र के पास है, इसलिए स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो रिहायशी इलाके तक आग पहुंच सकती है। फायर वॉचर डूंगर सिंह ने कहा कि हमारी टीम मौके पर है।

### सडक़ हादसे में एयरफोर्स के जवान की मौत

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिला के हांसी क्षेत्र में लोहारी गांव निवासी एयरफोर्स के जवान कमल (25) की बुधवार सुबह सडक़ हादसे में मौत हो गई। कमल अपनी ड्यूटी संबंधी कागजात तैयार करवाने के लिए नारनौंद जा रहे थे। इसी बीच उनकी मोटरसाइकिल की ट्रक के साथ टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जवान कमल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### सुडोकू 6906 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों पर 24 घंटे के लिए लगी रोक

## जिला प्रशासन एवं केंद्र से आई चिकित्सकों की टीम लगातार कर रही सैंपलिंग एवं जांच



- सही समय पर इलाज एवं आराम से पशु जल्द होंगे स्वस्थ-मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी
- घरेलू उपचार या अफवाहों पर न करें विश्वास, केवल विभागीय पशु चिकित्सकों से ही करें संपर्क

**रुद्रप्रयाग,** 7 मई (देशबन्धु)। केदारनाथ यात्रा के दौरान घोड़े-खच्चरों के बीच इक्वाइन इन्फ्लुएंजा नामक विषाणुजनित रोग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए यात्रा मार्ग पर एक दिन के लिए घोड़े खच्चरों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी, जिसे फिर से 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशीश रावत ने बताया कि चिकित्सकों के साथ ही राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान हिसार से विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक दल जनपद में पहुंच चुका है, जो लगातार घोड़े-खच्चरों की बीमारी एवं स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार से चिकित्सक गौरीकुंड़ क्षेत्र में घोड़े-खच्चरों के सैंपल ले रहे हैं और यह प्रक्रिया अभी भी जारी है, इसलिए सैंपलिंग प्रक्रिया के पूरी होने एवं जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा के चलते यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के परिचालन पर पुनः आगामी 24 घंटे तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाता है। इस अवधि में पशुओं के संचालन पर पूर्णतया रोक रहेगी, जिस दौरान अस्वस्थ पशुओं को पृथक कर क्वारंटाइन किया जाएगा एवं राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान हिसार को प्रेषित की गई जांच रिपोर्ट आने तक रोक जारी रहेगी। रोक हटाने संबंधी निर्णय इसके पश्चात लिया जाएगा। कहा कि पशुपालन विभाग ने तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त पशु चिकित्सकों की तैनाती की है। गौरीकुंड समेत अन्य संवेदनशील स्थलों पर सरकारी दवाएं और उपचार सुविधाएं अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में कुछ पशुओं में पेचिश जैसे तीव्र लक्षण भी देखे जा रहे हैं, इस गंभीर परिस्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार से विशेषज्ञों की टीम बुलाकर जांच प्रारंभ की गई है। डॉ. आशीश रावत ने बताया कि प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ इन्फेक्शियस डिजीजेज इन एनिमल्स 2009 अधिनियम के प्राविधानों के अंतर्गत अस्वस्थ पशु को अलग रखने एवं अस्वस्थ पशु से कार्य ना कराने का उत्तर दायित्व पूर्णतः पशु मालिक का होगा एवं यदि ऐसा किया जाता है तो संबंधित पशु मालिक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### स्थानीय निवासियों, व्यापारियों ने जताया पशुपालन विभाग का आभार

**रुद्रप्रयाग।** घोड़े खच्चरों में फैले संक्रमण के बीच स्थानीय निवासियों, व्यवसायियों ने भी घोड़े-खच्चरों की व्यापक जांच की मांग की। इनमें प्रधान संगठन उखीमठ के अध्यक्ष सुभाष रावत के साथ-साथ अवतार नेगी, सुरेंद्र रावत एवं संदीप पुष्पवाण ने प्रशासन से 24 घंटे से लेकर चार दिन तक के लिए घोड़े खच्चरों की आवाजाही पर रोक की मांग की थी। चिकित्सकों द्वारा व्यापक स्तर पर जांच करने एवं 24 घंटे के लिए आवाजाही पर रोक को लेकर उन्होंने पशुपालन विभाग का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### यात्रा मार्ग पर पर्याप्त विशेषज्ञों की टीम तैनात

**रुद्रप्रयाग।** पुशुपाल विभाग की ओर से स्थिति से निपटने के लिए जनपद में एक मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, दो उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, 20 पशु चिकित्सक, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र के दो वैज्ञानिकों की टीम तैनात की गई है। इसके अतिरिक्त बुधवार को पंतनगर विश्वविद्यालय के दो विशेषज्ञ डॉक्टर भी केदारघाटी पहुचेंगे। यह दोनों विशेषज्ञ डॉक्टर वर्ष 2009 में भी इस बीमारी के उपचार में कार्य कर चुके हैं।

### डीएम ने किया यात्रा संचालन में सहयोग की अपील

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने स्पष्ट किया कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तीर्थयात्री डंडी, कंडी और पिट्ठू जैसे वैकल्पिक माध्यमों से यात्रा करें। व्यापारियों से भी अनुरोध किया गया है कि वे सामान ढुलाई के लिए इन विकल्पों का प्रयोग करें, ताकि बीमार पशुओं को आराम मिल सके और संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। कहा कि यह संकट केवल पशुधन का नहीं, बल्कि हमारी यात्रा व्यवस्था और स्थानीय आर्थिकी से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जैसे ही लक्षण सामने आए, तुरंत स्क्रीनिंग, क्वारंटाइन और विशेषज्ञों की सहायता शुरू कर दी गई थी। पंतनगर, देहरादून और हिसार से परामर्श लेकर सभी आवश्यक टीमें गठित की जा चुकी हैं। उन्होंने अपील की कि वे किसी भी प्रकार के घरेलू उपचार या अफवाहों पर विश्वास न करें। केवल विभागीय पशु चिकित्सकों से ही संपर्क करें और बीमारी के किसी भी लक्षण को नज़र अंदाज़ न करें।

## चारधाम यात्रा को लेकर श्री बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा कड़ी

**चमोली,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना के सिंदूर ऑपरेशन के बाद उत्तराखण्ड में भी हाई अलर्ट घोषित किया गया है। जिसके बाद चारधाम यात्रा में श्री बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। धाम में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विशेष एहतियाती कदम उठाए हैं। इस कड़ी में पुलिस द्वारा धाम में प्रवेश करने वाले सभी श्रद्धालुओं और अन्य लोगों की सघन तलाशी ली जा रही है। बुधवार को विशेष रूप से दर्शन के लिए पहुंचे सभी श्रद्धालुओं की गहनता से तलाशी और उनके सामानं की जांच की गई। पुलिस ने श्रद्धालुओं से लगातार यह अनुरोध किया है कि वे अपने साथ मंदिर परिसर के भीतर बैग या बड़ा सामान लेकर न आएं ताकि तलाशी प्रक्रिया सुगम बनी रहे और सभी को असुविधा न हो। धाम की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, आतंकवादी निरोध दस्ता (एटीएस) को भी तैनात किया गया है।

# मॉक ड्रिल-दून में बजा एयर रेड साइरन

- अलर्ट हुई पुलिस और एसडीआरएफ ने लोगों को सुरक्षित निकाला



**देहरादून,** 7 मई (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद युद्ध की आशंका बनी हुई है। जिसके चलते बुधवार को देशभर के 244 सिविल डिफेंस जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। इसी कड़ी में देहरादून जिले में भी मॉक ड्रिल की गयी। इस मॉकड्रिल का आयोजन आम आदमी की सुरक्षा की दृष्टि से देहरादून जिला प्रशासन ने किया। इस मॉक ड्रिल में सभी विभागों का सहयोग लिया गया। प्रशासन और सिविल डिफेंस की ओर से बुधवार को देहरादून में मॉक ड्रिल की गई। शाम 4.12 बजे एयर रेड सायरन बजे तो पुलिस और एसडीआरएफ अलर्ट हो गई। बजने के साथ मॉक ड्रिल शुरू हो जाएगी। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। शहर में आराघर पुलिस स्टेशन, धारा पुलिस स्टेशन, एनआईईपीवीडी, कलेक्ट्रेट और लक्खीबाग पुलिस स्टेशन पर लगे एयर रेड सायरन बजाए गए। पुलिस ने बड़े-बड़े आवासीय भवनों, सरकारी भवनों से लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान भविष्य में होने वाले खतरों से भी लोगों को आगाह किया गया। एयर रेड के समय लोग किस तरह अपनी जान बचा सकते हैं यह सब जानकारी इस मॉक ड्रिल में दी गई। साथ ही ब्लैक आउट होने पर लोग किन किन वस्तुओं को अपने पास रखें और किनसे परहेज करें यह सब जागरूकता की जाएगी। इसे लेकर स्थानीय पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## हाईकोर्ट ने मंत्री के डी.ओ. नोट पर हुए तबादले पर लगाई रोक, शिक्षक को राहत

**शिमला,** 7 मई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राजस्व, बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के डी.ओ. नोट पर जारी एक शिक्षक के तबादले पर अंतरिम रोक लगाते हुए याचिकाकर्ता को वर्तमान तैनाती स्थल पर सेवा जारी रखने की अनुमति दी है। यह आदेश न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ ने जारी किया। याचिकाकर्ता टीजीटी पद पर कार्यरत है, जिसे 1 मई 2025 को शिमला जिले के जीएसएसएस ज्योरी से कुल्लू जिले के जीएमएस थरला में स्थानांतरित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह तबादला आदेश मंत्री के डी.ओ. नोट पर जारी किया गया है, जबकि उन्होंने अपना निर्धारित कार्यकाल अभी पूरा नहीं किया है। उन्होंने 13 सितंबर 2022 को वर्तमान पदभार ग्रहण किया था। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वह एक प्रशिक्षित एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं और 20 फरवरी 2025 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, ऐसे अधिकारी को केवल उसी संस्थान में तैनात किया जा सकता है जहां एनसीसी गतिविधियां कार्यरत हों। जबकि नए स्थान पर एनसीसी गतिविधियां मौजूद नहीं हैं। कोर्ट ने इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत प्रदान की और आदेश दिया कि वे अपनी वर्तमान तैनाती पर सेवा जारी रख सकते हैं।

# कैप्टन भूपेंद्र ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सराहा



> भारतीय वायु सेना द्वारा सीमापार आतंकी ठिकानों पर की गई सटीक और योजनाबद्ध कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि भारत अब आतंकवाद को उसकी भाषा में जवाब देने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है : कैप्टन भूपेंद्र

**गुरुग्राम,** 7 मई (देशबन्धु)। वीर चक्र विजेता कैप्टन भूपेंद्र ने बुधवार की सुबह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किये गए ऑपरेशन सिंदूर की भूरि भूरि प्रशंसा की है। गौरतलब है कि कैप्टन भूपेंद्र भारतीय वायु सेवा से स्क्वाड्रन लीडर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। कैप्टन भूपेंद्र हरियाणा के एकमात्र ऐसे वायुसेना अधिकारी हैं जिन्हें उनके अदम्य साहस के कारण राष्ट्रपति ने वीर चक्र से नवाजा था। उन्होंने कहा है कि वे पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस कायराना हरकत में हमारे निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया, जो हमारे देश की शांति और अखंडता पर सीधा हमला है। कैप्टन के अनुसार इस हमले के जवाब में भारत सरकार द्वारा जो सशक्त, निर्णायक और त्वरित कार्रवाई की गई है, वह राष्ट्र की राजनीतिक इच्छाशक्ति और सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कैप्टन भूपेंद्र ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जिन्होंने न केवल आतंक के विरुद्ध स्पष्ट नीति अपनाई है, बल्कि हर स्तर पर भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए कठोर और प्रभावी निर्णय लेने का साहस भी दिखाया है। कैप्टन भूपेंद्र ने कहा है कि भारतीय वायु सेना द्वारा सीमापार आतंकी ठिकानों पर की गई सटीक और योजनाबद्ध कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि भारत अब आतंकवाद को उसकी भाषा में जवाब देने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। उन्होंने कहा कि एक पूर्व वायु सैनिक होने के नाते मुझे गर्व है कि हमारी सेनाएं न केवल सजग हैं, बल्कि नेतृत्व के मजबूत संकल्प के साथ आज पहले से अधिक आत्मविश्वास से लैस हैं। ऑपरेशन सिंदूर द्वारा यह जवाब केवल एक सैन्य प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह बदलते भारत का प्रतीक है।

## रेखा आर्या ने भगवानपुर में कामकाजी महिला छात्रावास का किया भूमि पूजन

**हरिद्वार,** 7 मई (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को भगवानपुर में कामकाजी महिला छात्रावास का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिन आतंकियों और उनके आकाओं ने भारतीय महिलाओं की मांग का सिंदूर उजाड़ने का दुस्साहस किया था, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए उन्हें मिट्टी में मिला दिया। रेखा आर्या ने बताया कि यह छात्रावास 279.05 लाख रुपये की लागत से तैयार होगा और करीब 750 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा।



छात्रावास के बनने से भगवानपुर और आसपास के इलाकों की कामकाजी महिलाओं को आवास संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि हमारी बहादुर सेना ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा है। मोदी सरकार ने इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम इसलिए दिया ताकि भविष्य में कोई आतंकी ऐसी वारदात करने की हिम्मत न जुटा सके कि पत्रकारों से बातचीत में रेखा आर्या ने कहा कि इस अभियान की सफलता की जानकारी देने के लिए सेना की दो महिला अधिकारी सामने आईं, जिससे पूरी दुनिया को यह संदेश गया कि भारत की महिलाएं कितनी सशक्त हैं।

# प्रादेशिकी

## बुलंदशहर में थाने के मालखाने में लगी आग

**बुलंदशहर,** 7 मई (एजेंसियां)। बुलंदशहर जिले के गुलावठी थाने के मालखाने में बुधवार रात अचानक लगी विकराल आग से कई अहम दस्तावेज राख हो गए। पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना गुलावठी स्थित मालखाने में दीपावली के अवसर पर जब्त की गई अवैध आतिशबाजी की खेप रखी हुई थी। बुधवार रात्रि लगभग आठ बजे मालखाने में रखे पटाखों में आग लग गई। आग से लगातार हो रहे धमाकों की आवाज़ से थाने में अफरातफरी का माहौल हो गया। इस दौरान मालखाने में रखें अनेक मुकदमों से संबंधित माल मुकदमा संपत्ति भी जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे थे। आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है।

# कौशल विकास के साथ मिशन मोड में आगे बढ़ रही सरकार : कपिल देव

### अप्रेंटिसशिप बढ़ाने व मंडल स्तर पर कार्यक्रमों की आवश्यकता पर दिया बल

**लखनऊ,** 7 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर योगी सरकार ने कौशल को आधार बनाकर मिशन मोड में कदम बढ़ा दिए हैं। इसके अंतर्गत युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ ही कौशल योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को दिए जाने पर बल दिया गया।

इसके साथ ही, प्रशिक्षण में स्थानीय आवश्यकताओं और आधुनिक तकनीकों को जोड़ने के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और कौशल विकास मिशन को मिलकर रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की भी योजना है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कार्यालय, लखनऊ में डेलॉयट इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कौशल विकास योजनाओं की वर्तमान प्रगति और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा हुई।



डेलॉयट इंडिया के साथ नियमित बैठक कर आगामी दो वर्षों की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए : कपिल देव अग्रवाल

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिया कि डेलॉयट इंडिया के साथ नियमित बैठक कर आगामी दो वर्षों की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही कौशल योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिले। उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि मंडल स्तर पर कार्यक्रम और बैठकें आयोजित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति दी जाए। इसी क्रम में, स्किल मित्र पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं का ट्रेड और मोबाइल नंबर सहित डेटा दर्ज किया जाए ताकि योजनाओं की निगरानी और प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके। बैठक के दौरान ही प्रशिक्षित कुछ युवाओं से कॉल पर बातचीत की गई, जिसमें योजनाओं को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवाओं को दिया जाए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण

बैठक में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे रोजगार के लिए भटकने को मजबूर न हों। राज्यमंत्री ने कहा कि अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए विभिन्न संस्थानों से निरंतर संवाद किया जाए और अधिकाधिक अवसर युवाओं को प्रदान किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं की समीक्षा छात्रों की प्रतिक्रिया से हो, जिसके लिए रैंडम कॉल और फील्ड निरीक्षण कर छात्रों से सीधे संवाद स्थापित किया जाए।

## दुकान के गोदाम में चीनी व्यापारी ने लगाई फांसी

**मवाना,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित चीनी व्यापारी हरिओम ने बुधवार सुबह अपनी ही दुकान के गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह रोज की तरह सुबह 6 बजे घर से दुकान के लिए निकले थे। कुछ देर बाद उनका शव दुकान के भीतर स्थित गोदाम में फंदे से लटका मिला। घटना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। हरिओम तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई मनमोहन उर्फ बब्बल की दो माह पूर्व कैंसर से मृत्यु हो चुकी है। दूसरे भाई मोहन जीवित हैं। परिवार में सबसे बड़े भाई का एक बेटा है, दूसरे भाई की एक बेटी है, जबकि हरिमोहन की दो बेटियां हैं। बुधवार सुबह जब हरिमोहन समय पर दुकान नहीं खोले, तो आस-पास के व्यापारियों को शक हुआ। जब गोदाम का दरवाजा खोला गया, तो अंदर उनका शव फंदे से लटका मिला। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। हालांकि आत्महत्या का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन मानसिक तनाव की आशंका जताई जा रही है।

# युद्धकालीन स्थितियों से निपटे को जागरूकता जरूरी: थपलियाल

**मेरठ,** 7 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति द्वारा नागरिक सुरक्षा अभ्यास को लेकर ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने की। जिसमें कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, एसडीएम सदर अंकित कुमार, क्षेत्राधिकारी संजय कुमार जयसवाल, थाना जानी के एसएचओ महेश सिंह एवं नायब तहसीलदार सोनपाल सिंह ने युद्धकालीन स्थितियों में आवश्यक सुरक्षा उपायों और बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की। एसडीएम सदर अंकित कुमार ने कहा कि ब्लैक आउट के समय सायरन बजने के दौरान घबराना नहीं है एवं न ही भगदड़ करनी है। सभी लाइटें बन्द करनी है। इन्वर्टर जनरेटर भी बंद करने हैं ताकि रोशनी बाहर न आ सके। लोग रेडियों मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। क्षेत्राधिकारी संजय कुमार जयसवाल ने कहा कि जागरूकता ही आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा में मददगार है। ब्लैक आउट के दौरान खिड़कियों के दरवाजें बंद करें ताकि रोशनी बाहर न आएं। अफवाहों पर ध्यान न दें एवं न ही कोई भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय आपदा प्रबंधन समिति की चौयरमेन डॉ. श्वेता भारद्वाज, एनसीसी एएनओ लेफिनेट संदीप चौधरी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी असीम कुकरेजा आदि मौजूद रहे।



- सुभारती की आपदा प्रबन्धन समिति एवं जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक
- ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के संबंध में चर्चा

## सार संक्षेप

### इमरजेंसी और आपदा में बजाव के लिए मॉकड्रिल



**किठौर।** प्रेमनाथ इंटर कॉलेज में प्राकृतिक आपदा और किसी इमरजेंसी में आप जनमानस को कैसे बचा सकता है और क्या क्या सावधानी बरतने वाली होती हैं उसी संबंध में बुधवार को एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के द्वारा इमरजेंसी परिस्थिति में क्या क्या करना चाहिए यह बताया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉ. तरुण राजपूत चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माछरा मेरठ ने इमरजेंसी में क्या क्या सावधानी बरतनी चाहिए विस्तार से बताया। मॉकड्रिल से संबंधित, आम नागरिकों के लिए कुछ विशेष जानकारी दी गई। यह एक अभ्यास होता है जिसमें सेना और दूसरी सहयोगी एजेंसी ये देखती है कि युद्ध होने पर बचाव कर्मी कैसे और किस तरह से देश के नागरिकों की सुरक्षा करेगे। मॉकड्रिल में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. तरुण राजपूत चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माछरा मेरठ डॉ. मनीषा शर्मा लेडी मेडिकल ऑफिसर मनीष वर्मा चिकित्सा अधिकारी गौरव फार्मासिस्ट राजन बीपीएम मीनाक्षी शर्मा प्रियांशु वार्ड बॉय फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी किठौर थाना प्रभारी बृजेश, अजय कुमार बीडीओ, शिक्षा विभाग प्रिंसिपल प्रेमनाथ इंटर कॉलेज आदि मौजूद रहे।

### सैन्य कार्रवाई के बाद जारी किया रेड अलर्ट

**लखनऊ।** आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एहतियात के तौर पर राज्य में रेड अलर्ट जारी किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के ठिकानों पर की गई सटीक कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। यूपी पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिदेशक के आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरिये कहा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

### ए.एस. इंटर कॉलेज में मॉक ड्रिल आयोजित

**मवाना।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा एवं संहिता के अंतर्गत भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा ए.एस. इंटर कॉलेज, मवाना में मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बलराम सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष मोहन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक (देहात) डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण गौतम, उप जिलाधिकारी मवाना दीपक माथुर, क्षेत्राधिकारी अभिषेक पटेल, एफएसओ विश्वास गर्ग, थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार और सिविल डिफेंस से आपदा मित्र जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा योग दिवस : आनंदीबेन पटेल

### राज्यपाल ने की प्रदेश के सभी विवि के कुलपतियों संग बैठक

**मेरठ,** 7 मई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बजे प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों की बैठक की। इस बैठक में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के कुलपति कुलसचिव तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रदेश की राज्यपाल ने कहा कि इस बार 21 जून को योग दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर कब मनाया जाएगा इस पर 10 दिन तक पूरे विश्वविद्यालय में कार्यक्रम चलाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में योगा पार्क की स्थापना वृक्षों और औषधि पौधों से संबंधित वन की स्थापना विशेष स्तर पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह इस बार का योग दिवस बृहद स्तर पर बनाने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दें जिसमें छात्र-छात्राओं शिक्षकों कर्मचारियों किसानो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ग्रामीण महिलाओं तथा विश्वविद्यालय में जुड़े हुए। सभी शिक्षकों कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के परिवारों को भी जोड़ने का प्रयास किया जाए।




# मेरठ में सैंकड़ों स्थानों पर किया गया मॉकड्रिल

**मेरठ,** 7 मई (देशबन्धु)। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डा. वी. के. सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के सेन्ट जोजफ इंटर कालेज सहित बीएवी इंटर कालेज, सीसीएस यूनिवर्सिटी, सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ कालेज, आईटीआई साकेत, इस्माइल नेशनल गर्ल्स पीजी कालेज, आर जी डिग्री कालेज, आईआईएमटी कालेज, एनएएस डिग्री कालेज, डीएन डिग्री कालेज, आईओसीएल, पूठ वेदव्यासपुरी व अन्य स्थानों पर मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट, स्कूल/ कालेजों के छात्र-छात्राओं, पुलिस व प्रशासन की सहभागिता रही। जिलाधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति आने पर आमजन को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक करने हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति आने पर क्या सावधानियां बरतनी है, क्या करें तथा क्या न करें की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होने कहा कि आपात स्थिति आने पर आमजन मॉकड्रिल में दिए गए निर्देशों गाइड लाइन का पालन अवश्य करें। मॉक ड्रिल में दिए गए निर्देशों गाइड लाइन का पालन करने से आमजन खुद को व अन्य को सुरक्षित रख पाएंगे। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी ट्रैफक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, एनसीसी कैडेट, स्कूल-कालेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



- शासन के निर्देशों के क्रम में किया गया अभियास
- जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में कई स्थानों पर मॉकड्रिल हुआ सफल
- आमजन की जागरूता के लिए बजाया युद्ध का सायरन

### मेरठ पुलिस प्रशासन दिखाई दिया अलर्ट

15 दिन पूर्व कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की है। इसी के मद्देनजर जनपद मेरठ में पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। बुधवार रात 8 बजे युद्ध का सायरन बजाया गया। जिसमें आम जन को युद्ध सायरन बजने के दौरान सावधानियों को समझाया गया। उन्हें समझाया गया, कहीं भी कोई लाइट न जले। दुश्मनों को सिग्नल नहीं मिलना चाहिए कि यहां आबादी क्षेत्र है। ब्लैकआउट के दौरान वाहन चालकों ने भी अपनी गाड़ियों की लाइट बंद रखी और लोगों ने एकजुटता का परिचय दिया।

## भाकियू संघर्ष मोर्चा ने जताया विरोध

**मवाना,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के जिलाध्यक्ष ठाकुर नवनीत चौहान एवं समाजसेवी अर्जुन काली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सतीश चंद्र से मिलकर मवाना स्थित ग्लैक्सी प्लाजा में हो रही बिजली चोरी एवं विभागीय अनियमितताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया। जिलाध्यक्ष नवनीत चौहान ने आरोप लगाया कि ग्लैक्सी प्लाजा में लम्बे समय से विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# हीट वेव से बचाव में राहत का कारण बूंदाबांदी तेज हवाएं : सेंगर

**मेरठ,** 7 मई (देशबन्धु)। इस बार मानसून के लिए अनुकूल स्थितियां बनने से पहले देश भर में तेज हवाओं के साथ बदल व बारिश का दौरा चल रहा है प्रशांत महासागर में ला लेना का छोटी अवधि तक सक्रिय रहकर निरपेक्ष हो जाने का असर मौसम में अत्यधिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है यह परिवर्तन ऐसा है कि भारत मौसम विभाग का पूर्ण हनुमान भी सटीक नहीं उतर रहा है प्रारंभ में कहा गया था कि अप्रैल व में का महीना बेहद गर्म होगा हीट वेव की संख्या अधिक एवं अवधि भी लंबी होगी परंतु अभी तक ऐसा कुछ नहीं देखा गया है। देश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की स्थितियां बनी हुई है जो लगातार सात आठ दिनों तक जारी रह सकती हैं यानी कि अगले लगभग 10 दिनों तक हीट वेव से राहत लोगों को मिली रहेगी उत्तर में हिमालय के निचले हिस्से में पश्चिमी विकशॉप के रूप में चक्रवात संरक्षण पूर्व में बंगाल की खाड़ी और पश्चिम में अरब सागर से आने वाली नमी युक्त हवाओं ने देश के बड़े हिस्से को प्रभावित कर रखा है मौसम विज्ञान को का मानना है कि इसके असर से उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में जहां तहां तेज आंधी के साथ बारिश भी होती रहेगी इसके चलते हफ्ते भर तक तापमान में वृद्धि नहीं होगी हालांकि दो तीन दिनों के बाद बिहार झारखंड एवं उड़ीसा में बारिश बंद हो सकती है और हीट वेव की स्थिति बन सकती है निजी एजेंसी स्काईमेट के अनुसार 10 में तक उत्तर पश्चिम में हिमालय से लेकर मैदाने में आंधी के साथ बारिश होती रहेगी।



- मानसून समय से पहले पहुंचने की संभावना
- देश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने का अनुमान

## मवाना में तीन बदमाशों का हुआ एनकाउंटर

**मवाना,**7 मई (देशबन्धु)। मंगलवार देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25-25 हजार रुपयों के 3 इनामी हिस्ट्रीशीटरों सहित उनके 2 अन्य साथियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। जिसमें तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायलों को रात ही सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भेजा गया। इन बदमाशों ने सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन से लूट की थी। सभी आरोपी अन्तराज्यीय गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। लूट, हत्या जैसी वारदात पहले भी कर चुके हैं। इनके कब्जे से 4 तमंचे, कारतूस, खोखा और कार बरामद हुई है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मवाना मिल रोड पर शराब की दुकान पर सेल्समैन अशोक कुमार के साथ मारपीट कर लूट की घटना हुई थी। इसे हिस्ट्रीशीटर, लुटेरों ने अंजाम दिया था। इस मामले में अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम उर्फगोलू पर मुकदमा लिखा गया था। इसमें रजनीश मवाना थाना, विनीत किठौर, शिवम फ्लावदा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

# वर्तमान प्रवेश में शुगर इंडस्ट्री का विशेष स्थान : राजीव कौशिक

### सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर हरियाणा ने किया कैंपस प्लेसमेंट



**मेरठ,** 7 मई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर हरियाणा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.के. सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरस्वती शुगर मिल्स के जनरल मैनेजर कैन राजीव कौशिक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान प्रवेश में शुगर इंडस्ट्री का विशेष स्थान है इसमें रोजगार की संभावनाएं अनेक है शुगर इंडस्ट्री का विशेष स्थान है उन्होंने बताया सरस्वती शुगर मिल 1934 में प्रारंभ की गई थी तब से आज तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कंपनी ने अपने उत्पाद और उत्पादकता को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है उन्होंने कहा कि शुगर मिल का उद्देश्य है कि किसानों की गन्ने की उत्पादकता को बढ़ाया जाए जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

**आयोजन** *हिरोस कार्यशाला सह.शि.विज्ञान केंद्र विशेषज्ञ प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ*

# अच्छी गुणवत्ता वाले उर्वरक एवं रसायनों का हो प्रयोग : सिंह

**मोदीपुरम,7 मई (देशबन्धु)। प्रसार निदेशालय, सरदार वल्लभभाई पटेल शिक्षा एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं भारतीय शि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) के संयुक्त तत्वावधान में हिरोस कार्यशाला सह .शि विज्ञान केंद्र विशेषज्ञ प्रशिक्षण का शुभारंभ कुलपति डा. के.के. सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ने की फसल की सिंचाई में इस्तेमाल होने वाले पानी की गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आह्वान किया कि एक स्वास्थ्य की अवधारणा में पर्यावरण, जल एवं मृदा।**

- इरीवॉच द्वारा विकसित एप के बारे में दी विस्तृत जानकारी

स्वास्थ्य विशेष महत्व रखते हैं। अत: हमें गुणवत्तायुक्त उत्पाद के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले उर्वरक एवं रसायनों का प्रयोग करना चाहिए। डा. आर. के. यादव, निदेशक, भारतीय शि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं भारतीय शि अनुसंधान परिशद-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) के मध्य 29 अगस्त, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



उक्त के क्रम में शि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को परियोजना के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. डी.एस. बुन्देला, परियोजना समन्वयक, भारतीय शि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) ने परियोजना के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए अवगत कराया कि 4 जनपदों सहारनपुर, शामली, बागपत एवं मुजफरनगर में शि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से शकों के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन आयोजित कराए जा रहे हैं। परियोजना में शामिल अंतरराष्ट्रीय सहभागी के रूप में नीदरलैण्ड से आए इंजी. सैम ने इरीवॉच द्वारा विकसित एप के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर डा. सतेन्द्र कुमार, डा. अवतार सिंह, डा. एन. रविशंकर तथा अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे। निदेशक प्रसार डा. पी.के. सिंह ने समस्त अतिथिगणों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

इस कार्यशाला में शि विज्ञान केंद्रों एवं मुख्यालय के 50 वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे है। इस अवसर पर प्रसार निदेशालय के डा. पी.के. सिंह, डा. एस.के. लोधी, डा. एस.के. त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ का विशेश सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. हरिओम कटियार ने किया।

## रायबरेली में लापरवाह तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**रायबरेली,** 7 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अवैध गांजा कारोबार में पुलिस की शिथिलता व संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने ऊंचाहार थाने के अंतर्गत चौकी इंचार्ज समेत तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ऊंचाहार इलाके में करीब पांच किलो अवैध गांजा के तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने ऊंचाहार इलाके के चौकी इंचार्ज अजय मलिक मुख्य आरक्षी संतोष कुमार सिंह आरक्षी भूपलाल और आरक्षी आकाश कुमार को कार्य मे शिथिलता बरतने और अवैध नशे के कारोबार में अंकुश न लगा पाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने कड़े शब्दों में हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की गौ तस्करी गांजा तस्करी सट्टा या जुआ आदि में यदि संलिप्तता पाई जाती है तो उस शख्स के खिलाफ अभियोग दर्ज करा कर कठोतम विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को गांजा तस्करी के मामले ब्रजेश कुमार साहू उसकी पत्नी गुड़िया और जालिम उर्फ कौशलेंद्र सिंह को अवैध गांजे की तस्करी और कारोबार के मद्देनजर गिरफ्तार किया था।

# ऑपरेशन सिंदूर

आसमान पर उड़ानें भर रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू विमान

# भयानक तबाही का मंजर

## प्रभावित कस्बों से भागने लगे लोग



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत-पाक के तनातनी का परिणाम सामने आने लगा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद खिजाई हुई पाक सेना ने एलओसी पर कई इलाकों में भारतीय सीमांत गांवों को सीजफायर के बावजूद गोलों की बरसात से पाट दिया है। इस ओर नुक्सान हुआ है। जवाबी कार्रवाई में उस पार भी जबरदस्त नुक्सान का दावा है। इस बीच रात से ही वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा लगातार एलओसी के इलाकों में उड़ानें भरने के कारण लोग सहमे हुए हैं। सेना सूत्रों ने बताया कि पाक सेना ने आज सुबह भी एलओसी से सटे राजौरी व पुंछ सेक्टरों के कई गांवों पर बिना किसी उकसावे के गोलाबारी आरंभ कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, पाक सेना ने तोपखानों से गोले बरसाए। परिणामस्वरूप इन इलाकों में क्षति हुई है जिसका आकलन किया जा रहा है।

रक्षाधिकारियों के मुताबिक, पाक सेना की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई से पाक क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है। उनका कहना था कि भारतीय पक्ष ने हमेशा सैन्य क्षेत्रों को ही निशाना बनाया है पर पाक सेना ने हमेशा नागरिक ठिकानों पर ही गोलाबारी की है। जिसका परिणाम यह है कि राजौरी तथा पुंछ के उन गांवों से लोगों ने पलायन कर लिया जो एलओसी से सटे हुए हैं तथा जिन्हें पाक सेना ने अपना निशाना बनाया था। जम्मू संभाग के राजौरी, पुंछ, जिलों में पाकिस्तानी की बमबारी के बाद दुश्मन के कड़े तेवर बरकरार हैं। युद्ध जैसे हालात बना रहा पाकिस्तान सुबह से सीमांत पुंछ जिले में गोले दाग रहा है। पाकिस्तान की बमबारी के बाद से क्षेत्र में वायुसेना व सेना लगातार हाई अलर्ट पर हैं। दोनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी सोमवार से राजौरी में डेरा डाल कर स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए हैं। भारतीय वायुसेना के कांबेट एयर पेट्रोल में शामिल फाइटर लगातार हवा से देश की हवाई सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। सीमांत जिलों में पाकिस्तान के हवाई हमले व गोलाबारी से क्षेत्र में दशहत का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में बुधवार को कृष्णा घाटी सेक्टर में सुबह छहे बजे के करीब पाकिस्तान ने सैन्य चौकियों व रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर गोले दागना शुरू कर दिया। रूक रूक कर गोले दागने का सिलसिला जारी है व इससे सीमांत क्षेत्रों में लोगों घरों में छिपे हुए हैं। बुधवार को प्रदेश के सारे स्कूल व कालेज भी बंद कर दिए गए हैं।



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू कश्मीर में सभी स्कूल कॉलेज और हवाई अड्डे बंद, डर और दहशत का माहौल



**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान द्वारा जवाबी कार्रवाई करने के डर से प्रदेश में आज सभी स्कूल और कालेजों को बंद कर दिया गया है। प्रदेश में डर और दहशत का माहौल है। जबकि भारतीय वायु सेना ने जम्मू और श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई क्षेत्र को बंद करने की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप आज के लिए नागरिक उड़ान संचालन पूरी तरह से स्थगित हो गए हैं। जानकारी के लिए दोनों हवई अड्डे वायुसेना के अधीन आते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा स्थिति के कारण जम्मू के पांच जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और एहतियात के तौर पर आधिकारिक सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। इसी तरह से डिवेशनल कमिश्नर कश्मीर ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के तीन जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। डिव कमिशनर कश्मीर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए बारामुल्ला, कुपवाड़ा और गुरेज में शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, कॉलेज आज बंद रहेंगे। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया है, साथ ही एहतियात के तौर पर आधिकारिक सलाह का पालन करने को कहा है। इस बीच भारतीय वायु सेना ने जम्मू और श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई क्षेत्र को बंद करने की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप आज के लिए नागरिक उड़ान संचालन पूरी तरह से स्थगित हो गए हैं। जानकारी के लिए दोनों हवई अड्डे वायुसेना के अधीन आते हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट के निदेशक जावेद अंजुम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि एयरफील्ड बंद है और आज श्रीनगर एयरपोर्ट से कोई भी नागरिक उड़ान संचालित नहीं होगी। यह कदम ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में उठाया गया है, जो नियंत्रण रेखा के पार आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किया गया एक सटीक हमला है।



### पाकिस्तान का दावा, भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को 'गंभीर खतरा' पैदा हो गया है। बयान में कहा गया है, 'पाकिस्तान अपने हिसाब से समय और स्थान पर उचित तरीके से जवाब देने का मादा रखता है।' पाकिस्तान के डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारत ने कोटली, मुरीदके, बहवलपुर, चक अमरू, भीमबर, गुलपुर, सियालकोट और मुजफ्फराबाद में दो जगहों पर हमला किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया, जहाँ से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें निर्देशित किया जा रहा था। कोडनेम 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत रात भर किए गए सटीक हमलों में कुल नौ जगहों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा कि हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है।

### जम्मू के इंटरनेशनल बार्डर पर ब्लैकआउट का निर्देश, रातें बंकरों में गुजारने का निर्देश

**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिफराई हुई पाक सेना की भीषण गोलाबारी लोगों को दहशतजदा कर रही है तो जम्मू सीमा पर हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की गोलाबारी की बड़ी कोई घटना तो नहीं हुई थी लेकिन सुरक्षाबलों के निर्देशों से लोग सकते में हैं। रक्षाधिकारियों ने उन कई गांवों में ब्लैकआउट के निर्देश दिए हैं जो पूरी तरह से इंटरनेशनल बार्डर से सटे हुए हैं। ब्लैकआउट के साथ ही सीमावासियों को रातें बंकरों में गुजारने के लिए कहा गया है।

जम्मू सीमा पर भी हालात बहुत खराब हो गए हैं। पाकिस्तान के साथ तनातनी और युद्ध के माहौल का परिणाम सीमावासी भुगतने लगे हैं। हालांकि जम्मू की इंटरनेशनल सीमा पर पिछले 24 घंटों से मुर्दा शांति का माहौल बना हुआ है पर लोग दहशतजदा जरूर हैं। उनकी दहशत को रक्षाधिकारियों के वे निर्देश भी बढ़ा रहे हैं जिनमें कहा गया है कि जम्मू सीमा के वे गांव रातों को ब्लैकआउट रखें जो पूरी तरह से जीरो लाइन से सटे हुए हैं। यही नहीं रक्षाधिकारियों ने इन गांवों के लोगों को बंकरों में रात गुजारने तथा नए बंकर खोदने के निर्देश देकर अप्रत्यक्ष रूप से यह संकेत दिया है कि हालात बहुत खराब हैं।



जानकारी के लिए जम्मू सीमा इंटरनेशनल बार्डर है पर पाकिस्तान इसे इंटरनेशनल बार्डर मानने को राजी नहीं है। वह इसे वर्किंग बाउंडरी कहता है। उसका कहना है कि 1947 के बंटवारे के समय तक यह सीमा पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर के महाराजा के बीच सीमा थी पर भारत के साथ जम्मू कश्मीर के विवाद के कारण आज तक उसने इसे इंटरनेशनल बार्डर का दर्जा नहीं दिया है। नतीजा सामने है। जम्मू सीमा से पलायन भी आरंभ होने लगा है।

### मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मु से मिलकर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।



उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

### पवन कल्याण से अजय देवगन तक, भारतीय सेना के शौर्य को सितारों ने किया सलाम



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसे लेकर फिल्म जगत के सितारों के जोश का लेवल हाई है। पवन कल्याण समेत तमाम सितारों ने पोस्ट शेयर कर सेना के शौर्य को सलाम किया। अभिनेता अजय देवगन ने लिखा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी भारतीय सेना को सलाम।

### विश्व के नेताओं ने की संयम बरतने की अपील

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। विश्व नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के मंगलवार देर रात चलाये गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों पर सधी हुई प्रतिक्रिया करते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने इसके बारे में सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। उम्मीद है कि यह जल्दी ही खत्म हो जायेगा। वे (भारत–पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई–कई दशकों से लड़ रहे हैं, अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। चीन ने हालांकि भारत की कार्रवाई को अफसोसजनक करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक–दूसरे के पड़ोसी भी हैं, चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों से शांत रहने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने की अपील की है, जो स्थिति को और जटिल बना सकती है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिये उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया इन दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है। गुटेरेस ने न्यूयार्क में जारी एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि दुनिया भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। कतर ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता जताते हुए दोनों देशों से आग्रह किया है कि वे इस संकट का हल राजनयिक तरीके से निकालें। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने के लिये बातचीत के रास्ते खोलने पर जोर देना चाहिए। दोनों देशों को सकारात्मक बातचीत के जरिये अनसुलझे मुद्दों को सुलझाना चाहिए।

### शाह ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की जा रही फायरिंग के मद्देनजर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को यहां बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार बैठक में जम्मू कश्मीर, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों के अलावा पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों ने भी हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि बैठक पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की जा रही फायरिंग में आम लोगों को निशाना बनाये जाने के मद्देनजर बुलायी गई।

बैठक में कहा गया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों से आम लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया जाना चाहिए। शाह ने सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक से भी इस बारे में बात की है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बौखालए पाकिस्तान की सेना नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगातार फायरिंग कर रही है जिसमें आम लोगों के हताहत होने की खबर है। भारतीय सेनाओं ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है।

### कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था।



**देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है।**

**मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

खरगे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है। हमारे सैनिकों को देश की एकता, हमारी आजादी और देश की अखंडता के लिए हमारा पूरा समर्थन है। इस मुद्दे पर कोई भेदभाव नहीं है और हम एकजुट होकर देश की रक्षा के लिए अपना समर्थन देते हैं और इंडिया गठबंधन की भी यही राय है।

### पिता का जिक्र कर सेलिना ने भारतीय सेना की तारीफ की, 'वो हैं तो हम हैं'



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री सेलिना जेटली ने अपने दिवंगत पिता कर्नल विक्रम कुमार जेटली का जिक्र करते हुए सेना के शौर्य को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उन्होंने कहा कि देश के बहादूर जाबांज हमारी सुरक्षा के लिए सीमा पर खड़े रहते हैं। सेलिना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कल रात, मैं अपने दिवंगत पिता कर्नल विक्रम कुमार जेटली (एसएम) के बारे में सोच रही थी। उन्हें उनकी टीम टाइगर बुलाती थी। वह 1971 के युद्ध में मात्र 21 वर्ष की उम्र में शामिल हुए थे। इस दौरान वह युद्ध में घायल हो गए थे। उनके पैर गोलियों से घायल हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनकी हिम्मत में कोई कमी नहीं आई और वह मैदान में डटकर खड़े रहे। उन्होंने लिखा कि मेरे पिता धरती के एक सच्चे सपूत थे। मैं रात में अचानक से उठी और सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ा। मुझे आश्चर्य हुआ... वे अभी भी पहरा दे रहे थे? निधन के बाद भी? मुझे नहीं पता... शायद यह सब मेरे दिमाग में चल रहा है.. लेकिन, मैं एक सैनिक की बेटी के रूप में जानती हूं कि शांति की कीमत खून से चुकाई जाती है। एक सैनिक की आत्मा कोई जाति, रंग, नाम और धर्म नहीं जानती। वह हम सबकी रक्षा करता है, फौलाद की तरह। सेलिना ने आगे लिखा कि अगली बार जब आप किसी सैनिक का अपमान करें, उसके परिवार का मजाक उड़ाएं, धोखा दें तो याद रखें।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 5.05 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.14 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.85 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.64 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.53 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.95 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.15 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.04 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,070 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे : गोयल

### सभी देशों को ऊर्जा परिवर्तन को लेकर योगदान देना जरूरी

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे है और पिछले एक दशक में अकेले सौर ऊर्जा में 30 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि देश ने 2030 के रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को निर्धारित समय से आठ साल पहले ही हासिल कर लिया है। 'कोलंबिया इंडिया एनर्जी डायलॉग' को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका पर प्रकाश डाला और समावेशी तथा न्यायसंगत जलवायु कार्रवाई के प्रति देश की प्रतिबद्धता दोहराई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में सभी देशों की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन को लेकर हम सभी को योगदान देना चाहिए। हालांकि, प्रत्येक देश के विकास के चरण के आधार पर परिवर्तन का स्तर और गति अलग-अलग होगी, लेकिन प्रतिबद्धता सार्वभौमिक होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वास्तविक और जरूरी चुनौती है और प्रत्येक देश को अपने स्वयं के अनूठे समाधान तैयार करने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि पेरिस समझौते में विकसित देशों के वादे काफी हद तक अधूरे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि 2015 से बड़ा मुद्दा केवल जलवायु परिवर्तन नहीं रहा है, बल्कि कई विकसित देश टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, दीर्घकालिक रियायती जलवायु वित्त पोषण और सीबीडीआर के सिद्धांत के तहत समर्थन देने में विफल रहे हैं।



प्रत्येक देश के परिवर्तन का स्तर व गति अलग-अलग होगी, लेकिन प्रतिबद्धता सार्वभौमिक होनी चाहिए : पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी का समर्थन करने के बावजूद भारत वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमने 2030 के लिए 200 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का लक्ष्य 2022 में ही हासिल कर लिया है, जो तय समय से आठ साल पहले है। पिछले दशक में अकेले सौर ऊर्जा में 30 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत यूएनएफसीसीसी को समय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना जारी रखता है, जो वैश्विक अनुपालन के लिए एक उदाहरण है।

### अप्रैल में प्राइवेट इक्विटी डील वॉल्यूम 139 रही : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश अप्रैल में मजबूत रहा है और इस दौरान कुल 139 डील हुई हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत डीलट्रैकर के अनुसार, पिछले महीने की दो डील के विपरीत इस महीने कोई भी बिलियन डॉलर की डील नहीं हुई है। हालांकि, निवेशकों की रुचि मजबूत बनी रही। बीते महीने छह उच्च-मूल्य वाले (100 मिलियन डॉलर से 999 मिलियन डॉलर के बीच) लेनदेन हुए। इसकी कुल वैल्यू 2.1 बिलियन डॉलर रही। सबसे बड़ी डील वारबर्ग पिंकस और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी का आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 862 मिलियन डॉलर का निवेश था। ग्रांट थॉर्नटन भारत में पार्टनर शांति विजेता ने कहा कि डील्स की संख्या स्थिर बनी रही, लेकिन एमएंडए और पीई वैल्यू में तेज गिरावट निवेशकों की बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की बढ़ती सतर्कता को दर्शाती है। क्रॉस बॉर्डर डील में कमी आई है, लेकिन घरेलू विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) और पीई/वीसी गतिविधि स्थिर है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रोथ और अच्छे वित्तीय प्रदर्शन के लिए प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल शुरुआती चरण के निवेश पर फोकस कर रहे हैं। मार्च में आईपीओ गतिविधि में सुस्ती के बाद अप्रैल 2025 में मामूली सुधार देखा गया। अप्रैल में पांच क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) डील दर्ज की गई, जिनका कुल मूल्य 705 मिलियन डॉलर था। बैंकिंग और एनबीएफसी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखा और चार लेनदेन के माध्यम से 686 मिलियन डॉलर जुटाकर कुल क्यूआईपी मूल्य में 80 प्रतिशत का योगदान दिया।

## भारत व ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक : इंडस्ट्री

### भारत-यूके एफटीए से एआई व स्किलिंग को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) ब्रिटेन को एआई के क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए अपने छात्रों और प्रतिभाओं के लिए भारत को एक प्रमुख गंतव्य के रूप में मान्यता देगा, यह जानकारी इंडस्ट्री लीडर्स की ओर से बुधवार को दी गई। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक है। इससे दोनों देशों के बीच साझेदारी में बढ़ोतरी होगी।

सीआईआई यूके इंडिया बिजनेस फोरम के अध्यक्ष केशव मुरुगेश ने कहा कि इस समझौते से तत्काल आर्थिक लाभ मिलेगा। इससे वस्तुओं,सेवाओं और विशेष रूप से टेक्नोलॉजी के व्यापार में वृद्धि होगी। एआई जैसे प्रमुख क्षेत्रों में औपचारिक साझेदारी इनोवेशन को बढ़ावा देगी और उच्च कौशल वाली नौकरियों का सृजन करेगी। इस एआई के क्षेत्र में वैश्विक लीडर्स के रूप में यूके और भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह



एफटीए विशेष रूप से छात्रों और टेक्नोलॉजी पेशेवरों के लिए डीपटेक और कौशल में गहन सहयोग के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में काम करेगा। इस साझेदारी की दीर्घकालिक क्षमता बहुत अधिक है।

आईईएसए और सेमी इंडिया के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा कि एफटीए वैश्विक स्तर पर भारत की छवि और व्यापार के अवसरों को बढ़ाएगा। इससे सर्विस सेक्टर को भी काफी फायदा होगा। ब्रिटेन की डिजाइन क्षमता और भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा के जरिए ज्वाइंट रिसर्च एवं डेवलपमेंट और पार्टनरशिप से डिजाइन, परीक्षण और एम्बेडेड सॉफ्टवेयर में वृद्धि होगी। इससे स्टार्टअप और इनोवेटर्स को मदद मिलेगी।

## एसबीआई लाइफ ने 'हैक-एआई-थॉन' लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'हैक एआई-थॉन' के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को एआई के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों जैसे ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुंच बढ़ाना और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग



कर सकते हैं।एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण किया। नई दिल्ली में 50 से अधिक तकनीकी छात्रों ने भाग लिया, जिससे कुल 14 टीमें बनीं, जिन्होंने रीजनल राउंड में अपने विचार प्रस्तुत किए। इन फाइनलिस्ट में से शीर्ष 15 टीमों को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा।

## भारत का पीई-वीसी बाजार बढ़कर 43 बिलियन डॉलर पर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत के प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल (पीई-वीसी) निवेश में 2024 में सुधार दर्ज किया गया है, जो करीब 1,600 सौदों के माध्यम से लगभग 9 प्रतिशत बढ़कर 43 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। पारंपरिक क्षेत्रों ने बाजार की वृद्धि को आगे बढ़ाया। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, इस सुधार ने एशिया-प्रशांत के दूसरे सबसे बड़े पीई-वीसी गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया, जिसने कुल निवेश का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया और देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता में बढ़ते निवेशक विश्वास को दर्शाया।




■ पारंपरिक क्षेत्रों ने बाजार की वृद्धि को आगे बढ़ाया

भारत की समग्र वृद्धि मुख्य रूप से वीसी और विकास निवेशों द्वारा संचालित थी, पीई निवेश ने 29 बिलियन डॉलर पर स्थिरता बनाए रखी, क्योंकि फंड्स ने ऊंचे मूल्यांकन के साथ तेजी वाले सार्वजनिक बाजारों में नेविगेट किया, जिससे सौदे बंद करना अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया।

बेन एंड कंपनी के पार्टनर प्रभाव कश्यप ने कहा कि हम बायआउट सौदों की ओर स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं, 2022 में 37 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में कुल पीई डील वैल्यू में उनकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत हो गई है। यह विभिन्न क्षेत्रों में हाई-क्वालिटी एसेट्स में कंट्रोल पोजिशन को सुरक्षित करने पर रणनीतिक जोर को दर्शाता है।

रियल एस्टेट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी/आईटीईएस, फाइनेंशियल सर्विस, स्वास्थ्य सेवा जैसे ट्रेडिशनल सेक्टर्स ने फंडिंग का नेतृत्व किया। जबकि, दूसरे ट्रेडिशनल सेक्टर्स जैसे एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग में दो वर्षों की वृद्धि के बाद कमी आई।

## चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी


■ सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 पर रहा

■ निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 पर बंद

**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली




हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। इसके बावजूद एफआईआई के लगातार निवेश और हाल ही में भारत-ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए ने बाजार को मजबूत आधार दिया। विशेष रूप से एफटीए के प्रभाव से ऑटो सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखा गया वहीं वित्तीय शेयरों में भी खरीदारी देखी गई, जिससे प्रमुख सूचकांकों को सहारा मिला।

शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वालू कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। इस सैन्य कार्रवाई के तहत सेना ने नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30, जर्मनी का डैक्स 0.18 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत चढ़ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा मोटर्स 5.05, बजाज फाइनेंस 2.14, इटरनल 1.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.64, अडानी पोर्ट्स 1.41, टाटा स्टील 1.32, टाइटन 1.28, पावरग्रिड 1.15, कोटक बैंक 1.06, एचडीएफसी बैंक 0.73, मारुति 0.46, एसबीआई 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.26, टेक महिंद्रा 0.23, इंडसइंड बैंक 0.18, एनटीपीसी 0.13 और एक्सिस बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 3.53, सन फार्मा 1.95, आईटीसी 1.15, एचसीएल टेक 1.04, रिलायंस 1.02, नेस्ले इंडिया 0.77, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.77, टीसीएस 0.40, एलटी 0.37, भारती एयरटेल 0.27, इंफोसिस 0.19 और अल्ट्रासिम्को के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## ग्रीनलाइन ने श्रीराम फाइनेंस की साझेदारी में ग्रीन लॉजिस्टिक्स को दी रफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को हरित और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए एस्सार की सहायक कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से एलएनजी-पावर्ड ट्रकों के एक नए बेड़े को हरी झंडी दिखाई।



कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह आयोजन पुणे के चाकन में आयोजित हुआ, जहां ग्रीनलाइन ने अपने ग्रीन मोबिलिटी मिशन के अगले चरण की शुरुआत की। ग्रीनलाइन पहले ही 650 से अधिक एलएनजी ट्रकों के साथ संचालन कर रही है। इसका बेड़ा अब तक चार करोड़ किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुका है और 10 हजार टन से अधिक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की कटौती में सफल रहा है। इस प्रयास को अब श्रीराम फाइनेंस जैसे मजबूत वित्तीय साझेदार का सहयोग प्राप्त हो गया है, जिससे ग्रीन मोबिलिटी को स्केलेबल और सुलभ बनाने की दिशा में नई गति मिलेगी। ग्रीनलाइन की योजना 10 हजार से अधिक एलएनजी और ईवी ट्रकों की तैनाती की है।

## सार संक्षेप

### भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण के प्रारूप ढांचे पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण को विकसित करने के लिए आम बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने प्रारूप ढांचे पर विशेषज्ञ/जनता की 25 जून 2025 तक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने आम बजट 2025-26 में घोषणा की थी हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए जलवायु वित्त के लिए एक वर्गीकरण विकसित करेंगे। यह देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं और हरित संक्रमण की प्राप्ति में सहायता करेगा। इस घोषणा के अनुसरण में जलवायु वित्त वर्गीकरण का एक प्रारूप ढांचा विकसित किया गया है। यह ढांचा दृष्टिकोण, उद्देश्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करता है जो वर्गीकरण का मार्गदर्शन करेंगे।

### पीएनबी का मुनाफा 51.7 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मार्च 2025 में समाप्त चौथी तिमाही में 4567 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3010 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 51.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 10757 करोड़ रुपए रही है जबकि मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में यह आय 10363 करोड़ रुपए रही थी। बैंक ने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसका शुद्ध लाभ 16630 करोड़ रुपए रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 8244.6 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 101.7 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय 6.7 प्रतिशत बढ़कर 42782 करोड़ रुपए रही है। बैंक का सकल एनपीए मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में 1.78 प्रतिशत सुधरकर 3.95 प्रतिशत पर रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5.78 प्रतिशत रहा था। इस दौरान शुद्ध एनपीए 0.40 प्रतिशत पर रहा जो मार्च 2024 के 0.73 प्रतिशत शुद्ध एनपीए की तुलना में 33 आधार अंक सुधरा है।

### पेटीएम ने चौथी तिमाही में लाभप्रदता में बड़ी सफलता की हासिल

**नई दिल्ली।** पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण परिचालन बदलाव किया है। कंपनी ने ईएसओपी स्तर से पहले ईबीआईटीडीए पर लाभ हासिल कर निरंतर लाभ के लिए अपने मार्ग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। प्रमुख ब्रोकरेज ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए अपने प्राइस टारगेट बढ़ाए हैं और पेटीएम के सुधरते बुनियादी सिद्धांतों, तेज लागत नियंत्रण और विस्तारित मर्चेंट इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला है। बर्नस्टीन ने अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग को दोहराया और कहा कि पेटीएम ने पीएटी लाभप्रदता के साथ ईबीआईटीडीए ब्रेक-ईवन हासिल किया है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव यथावत

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48.96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुख तेल 219 रुपये और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा भारत, बर्बादी की कगार पर पाकिस्तान

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। भारत ने नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की और पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान सहमा हुआ है। वहीं, बुधवार को पाकिस्तान शेयर बाजार में भी हाहाकार मच गया। इसी बीच सैन्य के साथ ही आर्थिक मोर्चे पर भी पाकिस्तान की हालत फिसड्डी होती जा रही है। दरअसल, एक साथ आजाद हुए दोनों देशों के बीच वर्तमान समय में बहुत बड़ा अंतर है। एक तरफ भारत जो समृद्धि के नए आयाम लिख रहा है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, पाकिस्तान आतंक का अड्डा बना हुआ है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व बैंक के 2024 के आंकड़े को देखें तो भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.88 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था (केवल 0.37 ट्रिलियन डॉलर) के आकार से 10 गुना अधिक है।

पाकिस्तान शेयर बाजार में मच गया हाहाकार



2025 में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है : आईएमएफ

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और चालू वर्ष में जीडीपी का आकार 4.187 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के सभी पैमानों पर भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान से मीलों आगे है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर पर है। वहीं, पाकिस्तान के पास केवल 15 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और आर्थिक पतन की कगार पर है। साथ ही, वह आईएमएफ से भी लोन मांग रहा है।

स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती वर्षों में अमेरिकी सहायता और तेल समृद्ध इस्लामी देशों से प्राप्त डोनेशन से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत के समान ही बढ़ी थी।

दूसरी ओर लोकतांत्रिक भारत ने आर्थिक विकास और लोगों को गरीबी से बाहर निकालने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। वहीं, पाकिस्तान में खूनी तख्तापलट और सैन्य तानाशाही देखी गई।

# खेल जगत

## पेट्रा क्वितोवा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**रोम।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की। पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किम्बर्ली बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।



# भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सराहा

■ भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की निर्णायक और रणनीतिक आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया-ऑपरेशन सिंदूर- के मद्देनजर भारत के खेल प्रतिष्ठान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सशस्त्र बलों की साहसिक और संयमित प्रतिक्रिया के लिए उन्हें सलाम किया है, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और विश्व कप के हीरो गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और चेतन शर्मा से लेकर ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और देवेंद्र झाझरिया तक; क्रिकेट सितारे शिखर धवन, प्रज्ञान ओझा, झूलन गोस्वामी और वरुण चक्रवर्ती से लेकर पहलवानों, मुक्केबाजों और अन्य एथलीटों तक, भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया है।

7 मई की सुबह, भारत ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए। हवाई और मिसाइल हमलों का लक्ष्य केवल जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित समूहों से जुड़े आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। नागरिक हताहतों या पाकिस्तान की सैन्य संपत्तियों को नुकसान से बचाने के लिए सावधानी बरती गई, जो जवाबी कार्रवाई में भी रणनीतिक संयम के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। क्रिकेटर - जिनमें से कई लंबे समय से भारत के सशस्त्र बलों के समर्थन में मुखर रहे हैं-ने सोशल मीडिया पर #ऑपरेशनसिंदूर और #जयहिंद जैसे हैशटैग का उपयोग करते हुए हार्दिक संदेशों के साथ प्रतिक्रिया देने में देर नहीं लगाई, जो अब पूरे देश में ट्रेंड कर रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने एक ऐसा संदेश दिया, जिसने सभी आयु वर्गों को प्रभावित किया: एकता में निडर। शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं! कुश्ती आइकन और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, जिनके भाई पहलगाम हमले में मारे गए थे, ने भी सेना की बहादुरी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए अपना मौन तोड़ा।

पुनिया ने 'आईएएनएस' से कहा कि मुझे हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। उन्होंने मेरे भाई की मृत्यु को न्याय, साहस और सटीकता के साथ सम्मानित किया है। पुनिया ने कहा कि उनके कार्यों ने मेरे जैसे परिवारों को कुछ सांत्वना दी है, जबकि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बिना किसी विभाजन या राजनीति के सशस्त्र बलों का समर्थन करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में, देश को एक स्वर में बोलना चाहिए। इस ऑपरेशन को एक चेतावनी बनने दें: भारत पर किसी भी हमले का मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ सामना किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सशस्त्र बलों को सलाम करने वाले पहले लोगों में से थे। राष्ट्रीय सुरक्षा के जाने-माने समर्थक और पूर्व सांसद गंभीर ने एक संक्षिप्त लेकिन शक्तिशाली संदेश साझा किया: 'जय हिंद'। पूर्व सलामी बल्लेबाज से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की देशभक्ति वाली पोस्ट में गंभीर की भावना को दोहराया: 'जय हिंद' पूर्व भारतीय स्पिनर और पूर्व खिलाड़ी संघ के प्रतिनिधि प्रज्ञान ओझा भी सम्मान के स्वर में शामिल हुए' 'जय हिंद'

राज्यसभा में सांसद हरभजन सिंह ने अपनी श्रद्धांजलि में कोई कमी नहीं छोड़ी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा: जय हिंद #ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। भारतीय महिला टीम की पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपनी पोस्ट में सटीकता के साथ ऑपरेशन की सराहना की: सटीकता। उद्देश्य। शक्ति। यही भारत का जवाब है। 'ऑपरेशनसिंदूर' शिखर धवन, जो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों ही जगह अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं, ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन की भावना को दर्शाते हुए एक छोटी क्लिप पोस्ट की, जिसमें कैप्शन था: जो कहा था, वो करके दिखाया। न्याय हुआ। भारत माता की जय! (हमने वही किया जो हमने कहा था। न्याय हुआ। भारत माता की जय!)। भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रतिकूल परिस्थितियों को एक शक्तिशाली फतेह क्षण में बदल दिया। खतरे का सामना करते हुए उनके साहस और वीरता ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। जय हिन्द' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने अपनी बात संक्षिप्त रखी लेकिन 'भारत माता की जय' कहा, जबकि 2016 में रियो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंक-समर्थकों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है, जिन्होंने भारत में बहनों और बेटियों को इतना दुख पहुंचाया। जिन आतंकवादियों ने पहलगाम में देश की बहन बेटियों का सिन्दूर उजाड़ा, भारतीय सेना ने उनकी आने वाली पुश्तें तक उजाड़ दी। भारतीय सेना के जज्बे को हमारा सलाम। साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान, जो अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, ने अपने संदेश में कहा, जय हिंद, जय हिंद की सेना (भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में बहनों और बेटियों को विधवा बनाने वाले आतंकवादियों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है)। कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल 2025 में वर्तमान में सक्रिय वरुण चक्रवर्ती ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऑपरेशन की आधिकारिक भारतीय सेना की तस्वीर साझा की।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और चयनकर्ता चेतन शर्मा ने स्ट्राइक के संदर्भ में बताया। उन्होंने एक शक्तिशाली देशभक्तिपूर्ण लहजे में एक्स पर पोस्ट किया, जब बात सुरक्षा की हो तो भारत को नुकसान नहीं होता। ऑपरेशन सिंदूर - एक जवाब नहीं, एक संदेश है।

# पंजाब को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी 3 में से 2 मैच जीतना जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीनों मैच जीतने जरूरी

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी कप्तान श्रेयस अय्यर के जड़े तीन अर्द्धशतकों की बदौलत पंजाब किंग्स ने 2025 आईपीएल क्रिकेट के प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा बरकरार रखी है। फिलहाल तीसरे स्थान पर चल रही पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने घर धर्मशाला में बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स व मुंबई इंडियंस से अपने घर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसके घर में बाकी तीन मैचों में से कम से कम दो मैच जीत अपने अंकों की संख्या 19 करने की जरूरत होगी। पंजाब किंग्स नेट रन रेट की चिंता की किए बिना 15 रन से प्ले ऑफ में पहुंच सकती है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अन्य मैचों के नतीजे उसके हक में जाए। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स 11 मैचों में सात जीत, एक मैच बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के भी 11 मैचों में छह जीत, एक बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ पहुंचने की उम्मीद जिंदा है। दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार के मैच सहित अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे। गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11-11 मैचों से समान रूप से आठ आठ जीत और तीन तीन हार के साथ समान रूप से 16 -16 अंक हैं। गुजरात टाइटंस ने आरसीबी से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स की खुशकिस्मती रही कि उसका एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश से धुल गया और एक अंक मिल गया क्योंकि इससे पहले वह अपने लगातार दो मैच हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स 15 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में स्थान बना सकती है बशर्तें बाकी नतीजे उनके अंक में जाए । दिल्ली कैपिटल्स अपने यदि अगले दो मैच भी जीतती है और अपने अंकों की संख्या 17 भी कर लेती है तो भी वह प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी नतीजों पर निर्भर करेगी क्योंकि छह टीमें 17 अंक तक पहुंच सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने बाकी तीनों-पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस-के खिलाफ जीतने होंगे। दिल्ली कैपिटल्स की मौजूदा फॉर्म के आधार पर यह खासा मुश्किल लगता है क्योंकि वह अपने पिछले पांच में से मात्र एक ही जीती है। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले दो मैचों मे सीएसके को मात्र दो गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से और मेहमान लखनउ सुपर जायंटस को अपने घर धर्मशाला में 38 रन से हराया था जबकि इससे पहले उसका केकेआर के खिलाफ कोलकाता में मैच बारिश से धुल गया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स का अंतिम 11 वां मैच एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा और इससे पहले वह आरसीबी से नौ गेंद के बाकी रहते अपने घर में छह विकेट से और केकेआर से 14 रन से हार कर राह भटक गई। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और वह अब पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके घर धर्मशाला में मैच जीत अपनी उम्मीद जिंदा रखने उतरेगी।

# रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया सन्यास

■ रोहित ने पिछले साल भारत के टी-20 विश्व कप जीतने के बाद फटाफट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां) टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, हालांकि वह एक दिवसीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

रोहित ने अपने सन्यास की जानकारी बुधवार शाम अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर साझा की है। उन्होने लिखा कि सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान रहा है। इतने सालों में मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका धन्यवाद। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। रोहित ने पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद फटाफट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। रोहित के फैसले के बाद भारत को आईपीएल 2025 की समाप्ति के तुरंत बाद एक नए पूर्णकालिक कप्तान की घोषणा करनी होगी, क्योंकि इंग्लैंड में भारत की पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली है। जसप्रीत बुमराह वर्तमान में भारत के उप कप्तान हैं। उन्होने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया में पहले और आखिरी टेस्ट में कप्तानी की है। रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर में 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4301 रन बनाये है जिसमें उनके 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित का टेस्ट में सबसे ज्यादा स्कोर 212 रन है। उन्होने अपने टेस्ट करियर में दो विकेट भी झटके हैं। उन्होंने अपने टेस्ट कैरियर की शुरुआत वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ नौ नवम्बर 2013 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेलकर की थी। उस मैच में रोहित ने 177 रनों की पारी खेली थी।

## सार संक्षेप

### ताइपे ओपनः आयुष राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया

**ताइपे (चीनी ताइपे)।** विश्व के 44वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट ताइपे ओपन में विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के ली चिया-हाओ को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। 20 वर्षीय शेट्टी ने ताइपे एरिना के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त ली को 50 मिनट में 21-17, 21-18 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। पहले गेम में कई मौकों पर बढ़त बदली, लेकिन ली ने 6-3 की बढ़त बनाई और इसे 9-5 तक बढ़ाया। दोनों शटलरों के बीच 16-16 तक कड़ी टक्कर चली, लेकिन भारतीय शटलर ने लगातार पांच अंक जीतकर 21-17 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में ली ने 4-0 की बढ़त बनाई और फिर इसे 9-6 तक बढ़ाया। भारतीय शटलर ने वापसी की और 14-12 से आगे हो गए, लेकिन ली ने एक बार फिर 16-14 से बढ़त बना ली। लेकिन 16-17 से शेट्टी ने नियंत्रण बनाया और पांच अंक जीतकर 20-16 की बढ़त बनाई और आखिरकार 21-18 से गेम जीतकर यादगार जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी सिकांत ने हमवतन एस.शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि भारत को मिश्रित परिणाम मिलते रहे।

### मिशेल ओवेन को पंजाब की टीम में मिली जगह

**धर्मशाल।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है। टीम में शामिल होने पर ओवेन ने कहा कि मैं पंजाब किंग्स में शामिल होने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं।

# हार के बाद पांड्या ने कहा नो-बॉल अपराध है



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस की पकड़ से फिसलने से पहले एक ऐसे मैच में, जिसमें बहुत उतार-चढ़ाव आए, कप्तान हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ तीन विकेट से मिली हार का मूल कारण बताते हुए कोई कसर नहीं छोड़ी और कहा = नो-बॉल। वानखेड़े में एक अराजक, बारिश से बाधित रात में, जहां अंतिम गेंद तक किस्मत में उतार-चढ़ाव था, पांड्या की स्पष्ट स्वीकारोक्ति ने एमआई की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। एमआई की तीन विकेट से हार के बाद हार्दिक ने कहा कि कैच ने वास्तव में हमें नुकसान नहीं पहुंचाया। हम इस मामले में बहुत ही सटीक थे।शायद निश्चित रूप से नो-बॉल के साथ, मेरी नो-बॉल के साथ और यहां तक कि आखिरी ओवर में नो-बॉल के साथ भी। 'मेरी नजर में, यह एक अपराध है, उन्होंने नो-बॉल के बारे में कहा - दो नो-बॉल उनके द्वारा फेंकी गई और एक दीपक चाहर द्वारा अंतिम ओवर में फेंकी गई - जो बहुत कम अंतर से तय हुए मैच में महंगी साबित हुई। 147 के पुनर्निर्धारित लक्ष्य के अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करते हुए, दीपक चाहर द्वारा महत्वपूर्ण क्षण में ओवरस्टेप किए जाने से मुंबई की उम्मीदें धराशायी हो गईं। इससे पहले, आठवें ओवर में पांड्या की अपनी नो-बॉल ने पहले ही 18 रन खर्च कर दिए थे। इसने निश्चित रूप से हमें नुकसान पहुंचाया। लेकिन मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए संघर्ष पर गर्व है।

### हम तब मैच हारे जब हमारा इस पर पूरा नियंत्रण था : जयवर्धने

**मुंबई।** जब बारिश रूकी और गुजरात टाइटंस (जीटी) को छह गेंद में 15 रन की जरूरत थी और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पास गेंदबाजी के कुछ विकल्प बाकी थे। दीपक चाहर ने केवल दो ओवर किए थे और हार्दिक पांड्या ने केवल एक ओवर किया था। स्पिनर कर्ण शर्मा और विल जैक्स ने कुल मिलाकर तीन ओवर किए थे। तो यहां पर तेज गेंदबाज की जरूरत थी और चाहर और हार्दिक में से किसी एक को चुना जाना था, जहां पर एमआई ने चाहर को चुना। एमआई के प्रमुख कोच माहेला जयवर्धने ने मैच के बाद समझाया कि चाहर उनके मुख्य गेंदबाज हैं, लेकिन कैटी मार्टिन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप चाहते हो कि आपका कप्तान आगे आए। लेकिन एमआई जब आखिरी ओवर करने मैदान में उतरी भी नहीं थी, चाहर को गेंद थमाने का निर्णय ले लिया गया था।

# पांड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना

■ पांड्या पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया

■ नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में धीमी ओवर गति से जुड़ा मुंबई इंडियंस का दूसरा मामला था। इसलिए, पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्स्टीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटन्स), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) पर इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना किया गया। इसके अलावा, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा को अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई।डीकेएम/एएस

# निशानेबाजी में वेदांत, उर्वा चौधरी ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते। आज यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। रजत पदक विजेता रोहित कन्यन ने कहा कि अगर मैंने आखिरी शॉट सही से लगाया होता, तो मैं गोल्ड जीत सकता था।

# शंघाई में स्वर्ण के लिए खेलेंगी भारतीय पुरुष और महिला कम्पाउंड टीमें




■ विश्व तीरंदाजी से कहा कि हमने टीम मैच के लिए अभ्यास किया है ताकि फाइनल में जगह बनाई जा सके : देवताले

**शंघाई,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल में जीत के बाद तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कम्पाउंड टीम फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले और ऋषभ यादव की मौजूदगी वाली पुरुष टीम ने कड़े सेमीफाइनल में डेनमार्क को 232-231 से हराया। 2134 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहने वाली पुरुष टीम को पहले दौर में बाई मिली और उसने ग्रेट ब्रिटेन पर 239-232 के अंतर से क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। एक महीने पहले सेंट्रल फ्लोरिडा चरण में कांस्य पदक जीतने वाले देवताले ने टीम की तैयारी और फोकस की प्रशंसा की। उन्होंने विश्व तीरंदाजी से कहा कि हमने टीम मैच के लिए अभ्यास किया है ताकि फाइनल में जगह बनाई जा सके। फ्लोरिडा में, हम पदक के एक अलग रंग की उम्मीद कर रहे थे, और इस बार हमने ऐसा किया। वर्मा और यादव ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हम यह नहीं देख रहे हैं कि हमारे खिलाफ कौन है, हम सिर्फ अपने आप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि हमें अच्छा शूट करना है। हम किसी अन्य टीम या किसी अन्य खिलाड़ी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ अपने लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। हमें स्कोर करना है। महिला टीम, जिसे 2114 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद शुरुआती दौर में बाई मिली थी, ने आठवें स्थान पर रहने वाली कजाकिस्तान पर 232-229 क्वार्टर फाइनल जीत के बाद ग्रेट ब्रिटेन को 232-230 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। डेनमार्क ने कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य जीता, जबकि तुर्किये ने महिला वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |